CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

बरेली, सोमवार 29 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 305 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके जेल पेज 2



मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई अध्यक्ष, ओझा, आरपी सिंह टीम की चयन समिति में शामिल खेल टाइम्स



स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व सम्पादकीय



यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन व रूस ने किया समर्थन पेज 12

## मुजफ्फरनगर में एक लाख का इनामी नईम मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** खालापार निवासी एक लाख का इनामी नईम मीरापुर व जानसठ पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। उसका एक साथी फरार हो गया। मीरापुर थाने में तैनात दीवान कालूराम हाथ में गोली लगने से घायल हुआ है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रविवार को दोनों थानों की पुलिस ने एक सूचना के आधार पर भूम्मा नहर पुल की तरफ से जा रहे दो बाइकों पर दो संदिग्ध लोगों को रोकना चाहा, तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नईम पुत्र यूसूफ गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी जंगल में भाग गया। कुछ देर बाद ही घायल बदमाश नईम की मौत हो गई। वह मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार का रहने वाला है।

## ईडी जल्द कुछ एक्टर- क्रिकेटर की संपत्ति जब्त करेगी

**नई दिल्ली।** ईडी जल्द ही कुछ खिलाड़ी और अभिनेताओं की करोड़ों की संपत्तियां जब्त करने जा रहा है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ऑनलाइन बेटिंग एप 1यूबेट के प्रमोशन मामले में होगी। ऑफिशियल सोर्स ने बताया कि 1यूबेट एप से मिले एडवर्टाइजमेंट पैसों का इस्तेमाल कुछ सेलिब्रिटीज ने अलग-अलग तरह की संपत्ति खरीदने में किया है। ऐसे में इन्हें प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। ईडी जल्द ही सेलिब्रिटीज की इन चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी करेगी। कुछ सेलिब्रिटीज की संपत्तियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों में भी हैं। फिलहाल इनकी कीमत और मूल्यांकन किया जा रहा है।

## कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिए मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने रविवार को घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुई जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की, जिसमें दोनों घुसपैठिए मारे गए।

## बिहार विस चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिए 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं, जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

# एशिया कप: टीम इंडिया की फिरकी में उलझा पाक

## भारत को दिया 147 रनों का टारगेट

**दुबई।** एशिया कप के फाइनल में भारत को 147 रन का टारगेट मिला है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 19.1 ओवर में 146 रन पर आलआउट कर दिया।

कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। उन्होंने अपने चौथे ओवर में 3 विकेट निकाले। साहिबजादा फरहान 38 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सईम अय्यूब का विकेट लिया। सईम ने 11 गेंदों पर 14 रन बनाए। अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस (0) को पवेलियन भेजा। फखर जमान का विकेट वरुण को मिला। जमान ने 35 गेंदों पर 46 रन बनाए। अक्षर ने हुसैन तलत (1) को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा को कुलदीप यादव ने आउट किया। कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी का विकेट भी लिया।




# ऑनर किलिंग: पिता-पुत्र ने युवती को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

- बंदर भगाने के बहाने छत पर ले जाकर गोली से उड़ाया

**कांधला ( शामली )।** थाना क्षेत्र के गाव अम्बेहटा में पिता-पुत्र ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने हत्या आरोपी पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी जुल्फान की 18 वर्षीय पुत्री सना गांव में ही मदरसे में पढ़ाई करती है। रविवार को युवती को उसके पिता व भाई ने किसी युवक के साथ फोन पर बात करते हुए देख लिया था, जिससे पिता-पुत्र नाखुश थे। आरोप है कि पिता-पुत्र सना को बंदर भगाने के बहाने छत पर ले गए और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पिता-पुत्र ने -शेष पृष्ठ दो पर

# गजवा-ए-हिंद की कल्पना बन जाएगी नरक का टिकट: योगी

## बरेली बवाल के बाद 24 घंटे में यूपी सीएम का तीसरा अल्टीमेटम

बलरामपुर, वार्ता

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बलरामपुर के दौरे पर बरेली बवाल को लेकर 24 घंटे में तीसरी बार दंगाइयों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा।

गजवा-ए-हिंद की कल्पना पर नरक का टिकट मिलेगा। भारत में उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने एक बार फिर प्रदेश में अराजकता और दंगा फैलाने वालों को चेतावनी दी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में ऐसा करने की हिम्मत की, तो जहन्नुम का टिकट दूंगा। बरेली का हवाला देते हुए सबक लेने की नसीहत दी। उन्होंने छांगुर की कालनेमि राक्षस से तुलना करते हुए कहा कि विकास में बाधा डालने वाले राक्षसों का विनाश होगा। सपा और कांग्रेस के अराजकतत्वों से मिले होने की बात कही। सीएम ने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हैं, लेकिन गजवा-ए-हिंद का नारा लगाकर देश के भीतर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत की धरती पर ये नहीं होगा। भारत की धरती महान आत्माओं की भूमि है। यहां उन महान आत्माओं के आदर्श चलेंगे, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है। गजवा-ए-हिंद की कल्पना करना, इसके बारे में सपना देखना भी नरक का टिकट बन जाएगा। जो लोग ऐसी गतिविधियों में लगे हैं, वे कान खोलकर सुन लें। देर-सवेर उनका भी हश्र छांगुर जैसा ही होगा। सीएम ने आगे कहा कि किसी को प्रदेश का माहौल खराब करने की इजाजत नहीं हैं। कुछ लोग नए हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन, उन्हें याद रखना चाहिए कि हम उनकी सोच से कहीं ज्यादा तैयार हैं। उन्हें वैसे ही पीटा जाएगा जैसे बरेली में पीटा गया। ये मूर्ख यह भी नहीं जानते कि आस्था के प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। आस्था कोई चौराहे पर दिखाने की चीज नहीं है।

### उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा: यूपी में अराजकता और दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दूंगा



### ड्रोन-चोरी के नाम पर भय फैलाने वालों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**बलरामपुर।** ड्रोन के नाम पर चोरी और भय फैलाकर दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। अगर आपके आसपास कोई दहशत फैला रहा है, तो पहले उसे रोको, समझाओ। वह न माने तो प्रशासन को बताइए। प्रशासन उन्हें ठोंकने का काम करेगा। लव-जिहाद, गोकशी जैसी गतिविधियों में कोई लिप्त है, तो आप पुलिस तक सूचना पहुंचाइए, बाकी का इंतजाम हम स्वयं कर लेंगे।

### योगी आदित्यनाथ ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

**लखनऊ/बलरामपुर।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मां पाटेश्वरी मंदिर के दर्शन-पूजन किए। दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम भी मंदिर में ही किया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं एवं नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। श्री योगी ने रविवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चना की एवं मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की।

### यूपी: 7 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 अक्टूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुन: शुरू की जा रही है।

# छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी चैतन्यानंद आगरा से गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पटियाला कोर्ट में हुई पेशी पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया
- चैतन्यानंद के पास से यूएन-ब्रिक्स के फर्जी विजिटिंग कार्ड मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के हेड स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितम्बर की रात आगरा से गिरफ्तार किया।

चैतन्यानंद पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस चैतन्यानंद को मेडिकल जांच के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली लेकर आई। इसके बाद पटियाला कोर्ट में पेशी हुई। जहां से चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। चैतन्यानंद फरार था और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी। चैतन्यानंद को वसंत कुंज पुलिस स्टेशन लाया गया है, जहां पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद के पास से 2 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद किए हैं। एक कार्ड में उसे संयुक्त राष्ट्र में स्थाई राजदूत और दूसरे में ब्रिक्स संयुक्त -शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# एक्टर विजय की रैली में भगदड़: टीवीके नेताओं पर एफआईआर

- मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंचा

**तमिलनाड।** एक्टर विजय की रैली में भगदड़ में रविवार को मरने वालों का आंकड़ा 40 तक पहुंच गया है। इनमें 16 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल हैं। 95 लोग घायल हैं, 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर, पार्टी ने मद्रास हाईकोर्ट में इस मामले की जांच के लिए अपील की है। पार्टी ने कहा कि यह भगदड़ हादसा नहीं, साजिश है। हादसे के बाद गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। एक्टर विजय ने पार्टी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें लिखा कि शनिवार को करूर में जो हुआ, उसका दुख बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं मृतकों के परिजन को 20 लाख और घायलों को 2 लाख की मदद देना चाहता हूं। दरअसल, एक्टर विजय ने 2 फरवरी 2024 को टीवीके पार्टी बनाई।

# पीएम ने की त्योहारों में स्वदेशी खरीदने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को अपने रेडियो शो मन की बात के 126वें एपिसोड में फेस्टिव सीजन, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल पर बात की। पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों में स्वदेशी सामान ही खरीदें। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे।

इसके अलावा पीएम ने दशहरा और छठ पर्व पर भी बात की। मोदी ने कहा कि भारत सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने पर काम कर रही है। इसके बाद पूरी दुनिया में पर्व की भव्यता फैलेगी। पीएम ने कहा कि रविवार को लता मंगेशकर की जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रूचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वो सब कुछ है, जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। मराठी सुगम संगीत की महान हस्ती सुधीर फड़के जी ने सबसे पहले लता दीदी से मेरा परिचय कराया था। मैंने लता दीदी को कहा कि मुझे आपका गाया गाना ज्योति कलश छलके बहुत पसंद है। पीएम के कार्यक्रम में लता मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी सुनाया गया। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट-कूट कर भरी थी। देश के लिए फांसी के फंदे पर झूलने से पहले भगत सिंह जी ने अंग्रेजों को एक पत्र भी लिखा था। उन्होंने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आप मुझे और मेरे साथियों से युद्धबंदी जैसा व्यवहार करें। इसलिए हमारी जान फांसी से नहीं, सीधा गोली मार कर ली जाए। यह उनके अदम्य साहस का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि वोकल फॉर लोकल पर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे।

### मन की बात का 126वां एपिसोड



- सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा और छठ पूजा-दिवाली का जिक्र किया

### प्रधानमंत्री ने करूर रैली के पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए रविवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। इस घटना में घायल हुए लोगों को 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। श्री मोदी ने शनिवार को इस घटना पर दुख जताया था।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### आई लव मोहम्मद विवाद को यहीं रोका जाए: फिरंगी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान और इमाम-ए-ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने प्रदेश के मुसलमानों से अपील की है कि वे आगामी हिंदू पर्वों के दौरान सौहार्द्र और भाईचारा बनाए रखें। देश में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसको अब रोक देना चाहिए। इसी के साथ मौलाना ने कहा कि धार्मिक अवसरों पर सभी समुदायों को मिल-जुलकर शांति, अमन और आपसी सम्मान के साथ रहना चाहिए। लोगों को हिंसा और उपद्रव से बचने के सलाह भी दी है। देशभर में चल रहे आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर मौलाना रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जो भी चल रहा है वो काफी अफसोसनाक है, मेरी लोगों से यही अपील है कि इस मामले में पूरी तरह से शांति व्यवस्था कायम रखें। पैगंबर मोहम्मद के सिलसिले में कुछ अदाब हुआ करते हैं।

### बरेली हिंसा पर कांग्रेस का सीएम योगी पर निशाना

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता उदित राज ने उत्तर प्रदेश के बरेली में उपद्रवियों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी के बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले मौलाना की डेंटिंग पेंटिंग करना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कई मौलाना भाजपा से मिले हुए हैं और हिंसा भाजपा की मिलीभगत से हो रही है। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कई मौलानाओं ने भाजपा से हाथ मिलाया हुआ है और ये उनके हित में है कि देश में हिंदू-मुस्लिम होता रहे। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद उसी तरह है, जिस तरह से बजरंग बली की जय हो और जय श्रीराम जैसे नारे हैं।

# भ्रामक ग्राफ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कुंदरकी विस उपचुनाव को लेकर ईसी ने लेख का खंडन किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे, जहां भाजपा को 10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ में 0.10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था, जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है।

उदाहरण के लिए, गाजियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहां मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गांव का उदाहरण दिया गया है। यहां पांच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं, जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पांच ग्राफ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा।

# आई लव मोहम्मद से कोई दिक्कत नहीं

## बीजेपी नेता व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बड़ा बयान

गोंडा, वार्ता



आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद के बाद उत्पन्न तनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की प्रतिक्रिया आई है। आई लव मुहम्मद नारे पर गोंडा में बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं है, क्योंकि हम सनातन धर्म के अनुयायी कृष्ण से भी प्रेम करते हैं और राधा से भी।

उन्होंने कहा कि इसलिए किसी को भी आई लव मुहम्मद से कोई दिक्कत नहीं, न ही होनी चाहिए, लेकिन अगर आई लव मुहम्मद के बहाने देश में सां. प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और किसी दूसरे समुदाय को नीचा दिखाने की कोशिश की जाए, तो यहीं से दिक्कत शुरू होती है। दूसरी ओर इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाबा बालक नाथ ने इसे विरोधी पार्टियों का षड्यंत्र करार दिया। बाबा बालक नाथ ने कहा कि देश में अच्छा माहौल है। आई लव मोहम्मद विवाद राजनीतिक पार्टियों द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। प्रदेश सरकार इस तरह के मामलों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

### सपा नेता अबू आजमी ने क्या कहा?

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने बरेली विवाद पर कहा कि कानपुर में गलत तरीके से एफआईआर दर्ज की गई, जिसके बाद इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि बरेली में अगर कुछ गलत हुआ था, तो केस दर्ज होना चाहिए था। पुलिस ने जिस तरह लाठीचार्ज किया, उसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आई लव मोहम्मद कहकर अपने पैगंबर के प्रति प्रेम व्यक्त किया, लेकिन इस पर एफआईआर दर्ज कर दी गई।

# वोट चोरी के खिलाफ पांच करोड़ हस्ताक्षर कराएंगे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल अभियान में शामिल हुए

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ। पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के खिलाफ़ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है।

## मौलाना तौकीर समेत 11 भेजे जा चुके हैं जेल, ड्रोन से निगरानी की जा रही

# बरेली में बवालियों की तलाश में दबिश जारी

शह टाइम्स ब्यूरो



■ लोगों ने पुलिस पर बरसाए फूल, कहा- जलने से बचाया शहर

**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में पुलिस ने अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मौलाना तौकीर रजा समेत 11 को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। करीब 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुकदमों में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लगातार दबिश दे रही है।

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को बैठक की। इसके बाद शहर में भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। शुक्रवार को हुए बवाल और मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी के बाद अब शहर में हालात पूरी तरह सामान्य हैं। रविवार को सामान्य दिनों की तरह बाजार में चहल-पहल देखी गई। उधर मौलाना तौकीर के आवास से लेकर आसपास के इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अफसर भी लगातार भ्रमणशील हैं। इस मामले में पांच थानों में दस मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें 125 लोग नामजद हैं। करीब तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। जिन्हें पुलिस चिन्हित कर रही है। पुलिस ने शनिवार तड़के मौलाना तौकीर समेत आठ आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने दोपहर में प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौलाना की गिरफ्तारी के बाद एहतियातन जिले में 29 सितम्बर की रात 12.30 बजे तक के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई। मौलाना तौकीर से दोस्ती में चक महमूद का पार्षद अनीस सकलैनी और फाइक एन्क्लेव निवासी बरातघर मालिक फरहत पुलिस के निशाने पर आ गए। दो मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से तीन को जेल भेजा गया है, जबकि चौथे का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पुलिस ने मौलाना तौकीर के करीबी बरातघर मालिक फरहत खां और उसके पुत्र मोईन अली को भी गिरफ्तार किया है। दोनों मौलाना के खास माने जाते हैं।

### आई लव मोहम्मद को लेकर अलीगढ़ में अलर्ट

**अलीगढ़।** 'आई लव मोहम्मद' को लेकर 26 सितम्बर को बरेली में हुए घटनाक्रम के बाद प्रदेशभर में प्रतिक्रिया भी शुरू होने लगी है। इसके चलते प्रदेश के सांप्रदायिक शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में अपने शहर में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है।

शनिवार को भी पुलिस ने पुराने शहर में विशेष सतर्कता बरती व खुराफातियों व अफवाह उड़ाने वालों पर नजर रखी जा रही है। साथ में फ्लैगमार्च भी किया गया। कानपुर में हुए घटनाक्रम के बाद जुमे पर शहर में जुलूस निकालने का प्रयास हुआ था। मगर पुलिस प्रशासन ने जुलूस को रुकवा दिया। इसी बीच बरेली में दोपहर में घटनाक्रम हो गया। इसके बाद से प्रदेश में प्रतिक्रिया सामने आने लगी है। इसके चलते सभी संवेदनशील शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को अपने शहर में भी सर्किल वार सतर्कता बरती गई। सभी संवे. दनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। साथ में धर्मगुरुओं से अधिकारियों द्वारा लगातार संवाद किया जा रहा है। खुराफात करने व अफवाह उड़ाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। एसएसपी नीरज जादौन कहते हैं कि लोगों से लगातार संवाद जारी है। किसी को कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो




# मौद्रिक नीति के बयान व आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितम्बर से शुरू होगी और 1 अक्टूबर को बयान जारी किया जाएगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्र भाव



निवेश धारणा पर पड़ेगा। घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। संसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमे. रिका में ट्रम्प प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आद. ेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थाई रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है। अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमे. रिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। मझोली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4. 40 फीसदी और स्मॉल कैप.100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। संसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा।

### हरित ऊर्जा, स्मार्ट मोबिलिटी में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है ताइवान

**नई दिल्ली।** ताइवान इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में भारत के साथ अपने व्यापारिक रिश्तों को और आगे बढ़ाते हुए हरित ऊर्जा और स्मार्ट मोबिलिटी के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। गत सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित ताइवान इंडिया प्रदर्शनी में शामिल होने आए ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक ब्रायन ली ने यह बात कही।

उन्होंने भारत से सीमा शुल्क कम करने और बौद्धिक सम्पदा सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग करते हुए कहा कि भारत और ताइवान के मध्य व्यापार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार ने रिकॉर्ड 10.6 अरब डॉलर का आंकड़ा छुआ था। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि आईसीटी, मशीनरी और हरित समाधानों में ताइवान के उत्पाद, भारत की तेज़ी से बढ़ती ज़रूरतों से मेल खाते हैं। जब उनके पूछा गया कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार का क्या भविष्य है, तो उन्होंने इसके उत्तर में कहा कि भारत 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'इंडियाएआई' को आगे बढ़ा रहा है और ताइवान इन क्षेत्रों में एक विश्वसनीय भागीदार हो सकता है। वह सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत से और अधिक सहयोग की आशा करता है।

# चावल-गेहूं नरम, चीनी हुई मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं में भी मंदी देखी गई। चीनी के भाव बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत छह रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,836.87 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं 23 रुपए सस्ता होकर 2,839.85 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत भी छह रुपए घट गई और सप्ताहांत पर यह 3,317.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 129 रुपए प्रति क्विंटल गिरी। मूंगफली तेल में भी 41 रुपए और सोया तेल में 50 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 39 रुपए और पाम ऑयल सात रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत भी 52 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 17 रुपए की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 34 रुपए और मूंग दाल की 31



रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 34 रुपए और उड़द दाल 61 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब दो रुपए प्रति क्विंटल घट गए। वहीं चीनी में छह रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल-दलहन: दाल चना 7904.92 रुपए, मसूर काली 8123.58 रुपए, मूंग दाल 10100.53 रुपए, उड़द दाल 10405.89 रुपए, अरहर दाल 10528.57 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2839.85 रुपए और चावल 3836.87 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4321.94 रुपए और गुड़ 5013.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17809.41 रुपए, मूंगफली तेल 17664.41 रुपए, सूरजमुखी तेल 15507.15 रुपए, सोया रिफाइंड 13784.19 रुपए, पाम ऑयल 12425.19 रुपए और वनस्पति 14531. 71 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑनर किलिंग:...**

युवती की हत्या करने के बाद युवती के शव को कमरे में लाकर डाल दिया और शव के बराबर में ही तमंचा भी रख दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या में बदलने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पुलिस की शक्ति के आगे पिता-पुत्र टूट गए और सना की हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने मृतक युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही पुलिस ने पिता व पुत्र को हिरासत में ले लिया है। उनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद किया है। घटनास्थल का एनपी सिंह ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

**छात्राओं के...**

आयोग का सदस्य और भारत का विशेष दूत बताया गया है। आगरा के जिस होटल से स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती को गिरफ्तार किया गया था, उसके रिसेप्शनिस्ट भरत ने बताया कि चैतन्यानंद शनिवार शाम करीब 4 बजे वहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके ठहरने के दौरान उनसे मिलने कोई नहीं आया। भरत ने कहा कि नाइट शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारी ने उनकी एंट्री की थी। रात में लगभग 3:30 बजे दो पुलिसकर्मी आए जिन्होंने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताया। दोनों ने बाबा से उनके कमरे में 10 मिनट तक बात की और उन्हें अपने साथ ले गए। बाबा ने हमें अपना नाम पार्थ सारथी बताया था।

# उप्र में पोस्टर वॉर: सपा कार्यालय के बाहर लगे आई लव अखिलेश यादव के पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायत चुनावों से पहले उत्तरप्रदेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ी हो गई है और राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है।

भाजपा की ओर से लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' के पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर समा समर्थकों ने 'आई लव अखिलेश यादव' के पोस्टर लगाया है और अपनी एकजुटता दर्शाई है। उप्र में पोस्टर वॉर की शुरुआत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की दो दिवसीय रायबरेली यात्रा के दौरान हुई थी। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी ने ब्रह्मा- विष्णु-महेश के पोस्टर लगा कर सनसनी फैला दी थी। पोस्टर में तेजस्वी, गांधी और यादव को भगवान का दर्जा दिया गया था। पोस्टर में लिखा था कि 'इंडिया की अंतिम आस, कलयुग के ब्रह्मा, विष्णु, महेश।' फोटो में तेजस्वी को भगवान ब्रह्मा का दर्जा और गांधी को भगवान विष्णु का दर्जा दिया गया था, जबकि श्री अखिलेश को भगवान महेश का अवतार बताया गया था। इसके बाद सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के समर्थन में समर्थकों ने पार्टी कार्यालय के बाहर पोस्टर लगाकर अपनी निष्ठा जताई थी। सपा नेता मोहम्मद इकलाख की तरफ से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया था कि 'आजम लौटे, ये एक नई सुबह की पहचान है, गौर से सुनो हवाओं में सरकार बदलने का ऐलान है।







भाजपा ने लगाए 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी'

वहीं पिछले दिनों कानपुर के रावतपुर इलाके में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक दलों के लिए बूस्टर डोज का काम किया है। बरेली में हुए प्रदर्शन को लेकर सरकार के सख्त रुख को देखते हुए पहले जहां आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे, वही बीजेपी नेता व युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने 'आई लव योगी आदित्यनाथ जी' और 'आई लव बुलडोजर' लिखा कर सियासी गर्मी बघ दी है। इन पोस्टरों पर योगी आदित्यनाथ और त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। वहीं सपा कार्यालय के बाहर समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह यादव की तरफ से लगाए गए 'आई लव अखिलेश यादव जी' के पोस्टर में समाजवादी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों को दर्शाया गया है। पोस्टर में अखिलेश के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रहे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस व एक्सप्रेस पर लड़ाकू विमानों के उतरने व लैपटॉप योजना को जगह दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संविदा चालक ने फांसी लगाकर जान दी

## आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बादशाहपुर में 26 वर्षीय पेशे से चालक आशीष कुमार उर्फ प्रशांत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार रात बेटी का जन्मदिन मनाने के बाद वह गांव में चल रहे जागरण में गया था वहां से घर लौटने के बाद आत्मघाती कदम उठा लिया। जवान बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। फोरेंसिक टीम से सुबूत जुटाने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

मृतक आशीष कुमार उर्फ प्रशांत गांव निवासी किसान सुरेश चंद्र का बेटा था। उनके परिवार में पत्नी सुशीला देवी के अलावा एक छोटा बेटा तनिष्क है जो कक्षा नौ का छात्र है। बड़ा बेटा आशीष केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन शक्ति योजना में संविदा पर बतौर चालक तैनाती थी। छह साल पूर्व उसकी शादी हुई थी। परिवार में पत्नी मोनिका के अलावा एक चार वर्षीय बेटी वामिका है। शनिवार को वामिका का जन्मदिन था। परिवार के लोगों ने मिलकर उसका जन्मदिन मनाया था। खाना



खाने के बाद आशीष कुमार उर्फ प्रशांत नवरात्र के उपलक्ष में गांव में चल रहे जागरण में चला गया था। जहां से वह रात करीब तीन बजे घर लौटा था। इसके बाद सोने के लिए कमरे में चला गया। रविवार को दिन निकलने पर जब वह काफी देर तक नहीं उठा तो पत्नी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। लेकिन काफी कोशिश के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के बीच परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो वहां आशीष कुमार उर्फ प्रशांत का शव पंखे के कुंडे पर रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। आंखों के सामने अचानक आया नजारा देख परिजनों की चीख निकल गई। वहीं, सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस बल लेकर गांव पहुंचे। शव को फंदे से नीचे उतार परिजनों से पूछताछ की। इससे पहले फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का नक्शा तैयार कराया, कमरे से सुबूत एकत्र कराए तथा बाद मे पोस्टमार्टम के लिए शव मोर्चरी भेज दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों से पूछताछ में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गजरौला।हादसे के बाद राहत कार्य कराती पुलिस, वहीं मौके पर लगी लोगों की भीड़।



अमरोहा।स्वच्छता के प्रति निकली रैली में शामिल अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार व चेयरमेन श्रीमति शशि जैन।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकरायी रोडवेज, चालक की मौत, बीस यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर शनिवार देर रात 01:30 बड़ा सड़क हादसा हो गया। हरदोई से दिल्ली जा रही रोडवेज बस धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक समेत बस में सवार लगभग बीस यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि हादसे के बाद जाम जैसी स्थिति भी बन गई।

जानकारी के अनुसार रात के समय हरदोई से दिल्ली के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस

**सम्भल निवासी ट्रैक्टर चालक की हालत भी गंभीर**

जा रही थी। बस के चालक हरदोई के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव अल्लाहपुर शोरखाल निवासी नजमुद्दीन (48) पुत्र निजामुद्दीन थे, जबकि काफी यात्री बैठे थे। जैसे ही बस थाना क्षेत्र गजरौला के शहबाजपुर डोर में पुल पर पहुंची, तो धान से लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर काफी भीषण थी, यही कारण रहा कि बस चालक नजमुद्दीन की मौत हो गई तो वहीं ट्रैक्टर चालक मुख्तियार(45) निवासी खानपुर जनपद संभल समेत जनपद हरदोई के कृष्ण पुत्र संजय निवासी गांव खरोरा, शरबती पत्नी मुन्ना सिंह निवासी हारकपुर, जीवा पत्नी मंजूद निवासी शहाबाद,कमलेश पुत्र बच्चे लाल निवासी शर्मा हर्ट, मंजूद खा पुत्र मसूद खां निवासी शहबाद, रामू शर्मा पुत्र रमाशंकर निवासी गोंदाराव, राधा कृष्ण पुत्र मूलचंद निवासी दोहाथ, रामनरेश पुत्र जयकरण निवासी वेटाजरा, कृष्णा पुत्र सुशील कुमार निवासी सरिया समेत बीस यात्री घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक को गंभीर हालत के चलते पाकबड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो वहीं अन्य घायलों को नगर के भानपुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगने के बाद बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक का शव बाहर निकालने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। हादसे के बाद काफी देर तक जाम जैसी स्थिति बनी रही, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी और घायलों को अस्पताल भिजवाया। चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं हादसे में जान गंवाने वाले चालक के परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए थे। परिजनों के चेहरे पर उदासी साफ देखी जा सकती थी।

### हादसे के दौरान कार भी आई चपेट में, बाल-बाल बचे कार सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ट्रैक्टर चालक व रोडवेज की टक्कर के दौरान एक आर्टिका कार भी चपेट में आ गई, हालांकि गनीमत रही कि कार सवार लोग बाल बाल बच गए, हालांकि कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# रैली से स्वच्छता के प्रति जागरुक किया

## पॉलिथीन के प्रयोग से दूर रहें व्यापारी: ईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत रैली निकालकर व्यापारियों व लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया।

नगर पालिका से रैली का शुभारंभ चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने किया। रैली नगर के मुख्य मार्गो व बाजारों में होते हुए पालिका पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल पालिका कर्मियों ने दुकानदारों व लोगों से अपील करते कहा कि वह पॉलिथसीन का प्रयोग न करें जबकि प्रतिबंधित प्लाटिक से भी दूरी बनायें। इस दौरान कई दुकानदार व मेडिकल स्वामी लोगों को पॉलिथीन में दवाई देते पाये गये। जिस पर ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने उन्हें चेतावनी देते कहा कि वह मरीजों को जो दवाई दें वह कपड़े की थैली में दें पालिथीन का प्रयोग कदापि न करें। अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक हजार से 25 हजार तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जल्द बैंकेट हाल व बारातघरों में भी चैकिंग अभियान चलाया जायेगा। जहां भी मानकों की अनदेखी मिली वहां सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# महिलाओं का सम्मान समाज की जिम्मेदारी

## रन फॉर एनवायरमेंट दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रन फॉर एनवायरमेंट दौड़ का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन से एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। गुलड़िया व बिजनौर मार्ग से गुजरते हर तीन किमी की दौड़ मिनी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई।

दौड़ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की 400 से अधिक छात्राओं एवं पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग कर समाज को महिला सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संचार किया। एसपी ने कहा महिला सुरक्षा व सम्मान केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की काजल, सोफिया व शिखा पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। तीनों को



नकद इनाम से पुरस्कृत किया गया। वहीं, छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अमरोहा देहात की कनिष्का, निक्की, दामिनी, भावना, प्रियांशी, गुलनाज, जोया, निधि, शशि, अनामिका, हिमांशी एवं हर्षिता ने प्रतिभाग किया। बाल विवाह एक अपराध है का संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। इस दौरान एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह, सीओ लाइन अभिषेक कुमार, सीओ मंडी धनौरा अंजलि कटारिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, जिले के गणमान्य नागरिक, महिला संगठन एवं छात्र-छात्राओं ने दौड़ में शामिल होकर आयोजन को प्रेरणादायक बताया।

# विद्यालय में शिक्षिका से गाली गलौच, रिपोर्ट

## एससी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के सलामतपुर गांव स्थित एक विद्यालय में पढ़ा रही शिक्षिका के साथ नशे में धुत छात्र के पिता ने अभद्रता शुरू कर दी। घटना को लेकर शिक्षिका ने थाना डिडौली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।शनिवार की सुबह 9:30 बजे कक्षा 7 की कक्षा चल रही थी। उसी समय छात्र विष्णु के पिता बबलू उर्फ हरिराम पुत्र रामसरूप निवासी सलामतपुर विद्यालय में शराब के नशे में धुत होकर पहुंच गए। उन्होंने अपने बेटे के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए शिक्षिका से गाली-गलौज की और मारपीट करने पर आमादा हो गए। आरोप है कि आरोपी ने शिक्षिका व उनके परिवार को एससी एक्ट में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी।शिक्षिका ने बताया कि विद्यालय के प्रीतम सिंह ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला। पीड़िता शिक्षिका कविता चौधरी पत्नी विजेंद्र सिंह निवासी जोजखेड़ा की तहरीर पर पुलिस ने बब्लू ऊर्फ हरिराम के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# रामलीला देखने आई बालिका को ट्रैक्टर ने कुचला

## दर्दनाक मौत से घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पतेई खालसा में शनिवार रात रामलीला मंचन देखने आई पांच साल की मासूम को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। दर्दनाक हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

यह हादसा रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। दशहरा पर्व के चलते गांव में रामलीला का मंचन चल रहा है। पतेई खालसा के अलावा आस-पास गांवों के लोग भी रात को यहां मंचन देखने आते हैं। गांव में रहने वाले किसान जब्बार के परिवार में पत्नी शकीला, एक बेटा गुड्डू व एक बेटी आयशा नूर हैं। बेटी न होने पर जब्बार ने पांच साल पहले अपने सगे भाई इस्तेकार से आयशा नूर को गोद लिया था। गांव में जिस जगह रामलीला मंचन चल रहा है वहां से जब्बार के घर पास में ही है। रात आयशा नूर भी रामलीला मंचन देखने आई थी। वह मैदान में खेल रही थी। उसी दौरान क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा राजपूत निवासी राजू पुत्र थान सिंह ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंच गया। वह भी रामलीला मंचन देखने के लिए ग्रामीणों को लेकर आया



था। इस दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने आयशा नूर को कुचल दिया। पहिया ऊपर से उतरने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होने पर मौके पर हंगामा हो गया। ट्रैक्टर चला रहा राजू मौके से फरार हो गया। वहीं, रामलीला कमेटी ने मंचन बंद करा दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतका का शव सुपुर्दे खाक कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी चालक राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। वहीं, बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# पिता की आज्ञा मान, वन को गए राम

## अयोध्या में छा गई मायूसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री धार्मिक रामलीला में राम को 14 साल का वनवास व भरत का राजगद्दी सौंपे जाने का मंचन किया गया। जिसे देखकर दर्शकों की आंखे भर आई।

श्रीधार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में गुरू वशिष्ट वैदिक मंत्रों से भगवान राम और सीता का विवाह सम्पन्न कराते है। इसके बाद भगवान राम माता सीता को लेकर अयोध्या आये। जहां राजा दशरथ द्वारा भगवान राम के राजतिलक की घोषणा की जाती है। परन्तु तभी मंथरा द्वारा कैकई को राजा



दशरथ से दो वचन मांगने के लिये कहा जाता है। जिसमें वह भरत के लिये राजगद्दी तथा भगवान राम के लिये 14 वर्ष का वनवास मांगती है। काफी समझाने पर भी कैकई नहीं मानी तो भगवान राम अपनी पिता की आज्ञा का पालन करते हुए माता सीता व लक्ष्मण के साथ वन को चले जाते है। जिससे अयोध्या में मायूसी छा जाती है। वन में उनकी भेंट मित्र निषाद से होती है। रामलीला में मेरठ के कलाकारों द्वारा सजीव प्रसंग दिखाया गया। जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। इस मौके पर विमल कुमार टंडन, करूणेश गोयल, शार्दुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, अनुपम गर्ग, कपिल शर्मा, नमन जैन, रमन रघुवंशी, लखन रघुवंशी, अंश अग्रवाल मौजूद रहे।

# नर्स से अभद्रता, विरोध पर भाई को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के सहसपुर अलीनगर निवासी जेनब ने थाना डिडौली में तहरीर देकर गांव के ही तीन युवकों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि वह आयुष्मान अस्पताल पाकबड़ा में नर्स है। शनिवार को वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर भाई अयान के साथ बाइक पर सवार होकर गांव लौट रही थी।जैसे ही वह सहसपुर अलीनगर के पास पहुंची, तभी गांव के सादिक, अयान व अजीम ने उनकी बाइक रुकवा ली। तीनों युवकों ने उसके भाई को थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।शोर सुनकर उसका दूसरा भाई उस्मान मौके पर पहुंचा। तभी तीनों युवक वहां से भाग निकले। पीड़िता जेनब की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही तीनों युवकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

## पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान की बेटी को दो साल तक प्रेम जाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी व उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक दो साल पहले गांव के रहने वाले युवक नदीम ने किसान की 19 वर्षीय बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। बाद में शादी करने का वादा कर उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। वादे पर एतबार कर युवती ने भी किसी तरह का विरोध नहीं किया। ये सिलसिला दो साल तक ऐसे ही चलता रहा। आरोप है कि नदीम ने चुपचाप युवती का एक अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद युवती ने कई बार शादी का जिक्र करते हुए घर रिश्ता भेजने की बात कही तो नदीम कोई न कोई मजबूरी बताकर टालमटोल शुरू कर दी। आखिर में युवती ने परिजनों को आपबीती सुना दी। आरोप है कि बेटी की इज्जत के खातिर किसान ने नदीम के पिता भोले खां के सामने दोनों की शादी कराने की बात रखी तो पिता-पुत्र ने अपने सामने हैसियत कमजोर होने का हवाला देते हुए शादी करने से इनकार कर दिया। गांव में पंचायत भी जुटी लेकिन दोनों किसी सूरत शादी करने के लिए तैयार नहीं हुए। इतना ही गाली-गलौज करते हुए दोबारा शादी की बात करने पर जान से मारकर दफन करने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी व उसके पिता के खिलाफ थाने पहुंचकर तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी नदीम व उसके पिता भोले खां के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सुसाइट नोट में पत्नी व ससुरालियों को ठहराया जिम्मेदार

# पत्नी से परेशान युवक फांसी पर झूला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी से विवाद होने पर पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का एक सुसाइट नोट मिला है। जिसमें उसने पत्नी व ससुरालियों को मौत के लिए जिम्मेदार बताया है।

मामला देहात थाना क्षेत्र के गांव मालीखेड़ा का है। यहां पर किसान जसराम सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे सुनील कुमार की शादी गजरौला में हुई थी। परिवार में पत्नी के अलावा चार बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को सुनील का किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। लेकिन, इस बार उसने मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया था। पत्नी ने सुनील के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। उसके बाद वह



शहर के मोहल्ला कुरैशी में रहने वाली बड़ी बहन के घर चली गई थी। आरोप है कि शनिवार शाम सुनील ने वहां पहुंचकर भी हंगामा किया था। रिश्तेदारों ने डायल-112 पुलिस को बुला लिया था लेकिन पुलिस के आने से पहले सुनील वहां से चला गया था। इसके बाद रात में घर जाकर उसने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह हुई जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल की जांच-पड़ताल की, फोरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम कराने के बाद सुपुर्द किए गए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक का एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने पत्नी व ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## छज्जा निकालने पर विवाद, युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मकान का छज्जा निकालने पर एतराज जताने के बाद तीन सगे भाईयों ने गृहस्वामी के पुत्र के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर शुमाली में मुन्नीलाल द्वारा अपने मकान का निर्माण कराया जा रहा है। बताते हैं कि इनके पड़ोस में रहने वाले प्रमोद, ऋषिपाल व बबलू नामक सगे भाईयों ने मकान में छज्जा निकालने को लेकर एतराज जताया और मारपीट पर उतारू हो गए। उस समय तो आसपास के लोगों ने बीच बचाव करके झगड़ा समाप्त करा दिया लेकिन 27 सितम्बर को जब मुन्नीलाल का पुत्र दीपक गजरौला के चौपला पर प्यारे स्वीट्स के सामने पहुंचा तो प्रमोद, ऋषिपाल व बबलू ने उसके साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रमोद, ऋषिपाल व बबलु के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## गैंगस्टर के दोषी को तीन साल आठ माह की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के 15 साल पुराने अभियोग में अदालत ने तीन साल आठ महीने जेल की सजा सुनाई है तथा दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में अदालतों में प्रभावी पैरवी की जा रही है। इसी कड़ी में गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी दिनेश उर्फ मित्तल को अदालत ने तीन साल आठ महीने जेल की सजा सुनाई है। दोषी के खिलाफ साल 2010 में गजरौला थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तब दिनेश उर्फ मित्तल को गिरफ्तार कर चालान किया था। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय एक अदालत में विचाराधीन थी। जिसमें अमरोहा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की जा रही थी।

# आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, कड़ी रही सुरक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर/मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय सेवक संघ के कार्यकर्ताओं नेशताब्दी वर्ष पर विजयदशमी के उपलक्ष में परंपरागत ढंग से पथ संचलन किया।

रविवार को आरएसएस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर से पथ संचलन का शुभारंभ किया गया। पथ संचलन अंबेडकर चौक मोहल्ला मनापुर ग्रीन सिटी अमरोहा अड्डा अस्पताल रोड होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर में आकर समापन हो गया। इस दौरान कई स्थानों पर पथ संचलन का पुष्प का घर स्वागत किया गया। इस दौरान संघ कार्यकर्ताओं ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए विजयदशमी के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि युगो युगो से यह दिन शक्ति उपासना के पर्व के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम ने असंगठित वनवासी बंधुओं को संगठित कर उस संगठित शक्ति के सहयोग से रावण जैसे अति बलशाली अन्यायी अधर्मी राजा को पराजित किया। आरएसएस कार्यकर्ता अपने हाथों में लाठियां लिए मार्ग में भारत माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर दीपक कुमार नगर संचालक, सोनू गर्ग नगर कार्यवाह, अर्पित जी शारीरिक प्रमुख, भूदेव, सोनू राणा, सचिन जी प्रचारक, कपिल शर्मा, अभिरव जी, गणेशी सिंह राणा, प्रधानाचार्य सुशील जी आदि मौजूद थे। उधर **मंडी धनौरा** में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में विशाल पथ संचलन निकाला गया। संघ के स्वयंसेवक गणवेश में बैंड की थाप पर कदमताल करते हुए जब नगर की सड़कों पर उतरे तो वातावरण अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संगठन के संदेश से गूंज उठा। पथ संचलन श्रीराम जानकी बालाजी धाम मंदिर पार्क से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। जगह-जगह व्यापारी एवं सामा.



जिक संगठनों ने तोरणद्वार बनाकर फूल बरसाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि व नगर के गणमान्य लोग भी कतारबद्ध होकर शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष बालेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ चाक-चौबंद नजर आए। पथ संचलन में मनु अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, ज्ञानेश शर्मा, ऋषभ त्यागी, साजन त्यागी, आकाश अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, दुजेन्द्र उर्फ कोकी, राहुल अग्रवाल, हेमंत सरस्वत, उमंग जैन, प्रिंस अग्रवाल, सौरभ सैनी, ललित सैनी, शुभ अग्रवाल, लाभ अग्रवाल, रितिक सैनी, अजय कौशिक, अंकित सैनी, अनिल जैन, अक्षय अग्रवाल, मान्धाता सैनी, अभिषेक गुप्ता, विपिन शर्मा, देवेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# आरामशीन स्वामी को धमकाने का वीडियो वायरल

## चर्चित वन दरोगा सुमित राठी का कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आरा मशीन संचालक को वन विभाग के दरोगा द्वारा धमकाये जाने का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। दरोगा द्वारा एक विधायक को भी रिकॉर्डिंग में घसीटा गया है।वन विभाग के दरोगा सुमित राठी का एक ऑडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। दरोगा सुमित राठी आरा मशीन संचालक जुल्फी के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए आरा मशीन को सील करने की धमकी दे रहा है। जनवरी में मशीन का लाइसेंस को रिनूवल करायेगा तेरे सामने बहुत दिक्कत आयेगी। आरा मशीन संचालक के साले डॉक्टर अफसर अली को भी दरोगा अशब्दों का प्रयोग कर रहा है। दरोगा आरा मशीन संचालक के ऊपर आरोप लगा रहा है कि तो आम की लकड़ी को कटवा रहा है। जबकि आरा मशीन संचालक का कहना है कि उसकी मशीन पर आम की लकड़ी नही मिलेगी। ना समझ दरोगा एक विधायक का नाम भी रिकॉर्डिंग में लेकर उन्हें जबरदस्ती इस मामले में घसीट रहा है। दरोगा ऑडियो में रिश्वत लेने की बात भी कबूल रहा है। वह कह रहा है कि पिछली बार जब छापेमारी हुई थी तुझे 10 हजार रुपये बड़ी मुश्किल से बने थे। रात को विभाग के एक अन्य दरोगा को भेजूंगा उससे मिल लेना तू समझदार है। कोई शिकायत ना मिल जाये। इस इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि वायरल हो रही ऑडियो उनके संज्ञान में है।

# अंडर 17 व 14 में अमरोहा ने लहराया परचम

## एएसएम खाता में मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के अंडर 17 व 14 बालक व बालिका वर्ग में अमरोहा ने अपना परचम लहराया।

एएसएम बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज खाता में मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर 17 व अंडर 14 बालक व बालिका वर्ग में अमरोहा की टीमों ने अपना परचम लहराया। जबकि अंडर 19 बालक व बालिका वर्ग में बिजनौर की टीमें विजेता रहीं। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उदघाटन जिला विद्यालय निरीक्षण डा. प्रवेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा सामने आती है। उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। यही खिलाड़ी आगे चलकर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर तो स्वस्थ होता ही है जबकि दिमाग भी तेज होता है। इस मौके पर कालेज प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, जीवन सिंह, विजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, संजीव चौधरी, भोले सिंह, वीर सिंह, चन्द्रमणि वर्मा, लोकेश चौधरी, कविराज सिंह, मुनेन्द्र, शिवम शर्मा, देवेश सिंह, शमशाद अली, विनय त्यागी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के हमलावरों को गिरफ्तार करो

## प्रदर्शन कर दलितों ने उठायी आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित जाटव धर्मशाला में रविवार को अनुसूचित जाति समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर नानक सिंह ने की। बैठक में नगर पालिका परिषद गजरौला की चेयरपर्सन उमा देवी उर्फ राजेंद्री देवी के पति एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह के साथ हाल ही में हुई मारपीट और अभद्रता की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। समाज के लोगों ने इस घटना को न केवल एक व्यक्ति पर हमला, बल्कि पूरे समाज के सम्मान पर चोट बताया। वक्ताओं ने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोग अब अन्याय और दबंगई बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह हमला समाज के स्वाभिमान पर हमला है। आरोपितों को खुलेआम घूमने देना प्रशासन की लापरवाही



को दर्शाता है। वक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति समाज एकजुट है और जब-जब हमारे सम्मान से खिलवाड़ होगा, तब-तब हम मजबूती से खड़े होंगे। इस अवसर पर सभासद राजेंद्र सिंह, सतीश सिंह, जितेश कुमार, एडवोकेट हरिओम सिंह, दिलीप सिंह, रोहतास सिंह, मिंटू सिंह, वीरेंद्र मोहन, राकेश आड़ती, मदनपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, सोनू सिंह, पवन कुमार, आनन्द कुमार, मनोज कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक में लोगों का गुस्सा और प्रशासन से नाराजगी साफ तौर पर दिखाई दी। समाज का संदेश साफ है ख्र न्याय के बिना अब चौन से नहीं बैठेंगे।

# मन का भय दूर करों मां कात्यायनी

## भक्तों ने उपवास रखकर किया गुणगान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छठें नवरात्र पर माता के भक्तों ने दुर्गा मां के स्वरूप मां कात्यायनी का गुणगान किया। सुबह से ही देवी मंडपों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिरों में महिलाओं ने सुबह सांय भजन कीर्तन कर माता का मनाया।

नवरात्र अब समापन की तरफ है। ऐसे में भक्तों का उत्साह भी लगातार बढ़ता जा रहा है। छठें नवरात्र पर उन्होंने माता दुर्गा के स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की। सुबह से ही देवी मंडपों में माता के भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। उन्होंने माता से सच्चे मन से प्रार्थना की। माता के बारे में मान्यता है कि मन में आने वाले भय का दूर करती है। रोग, शोक, संताप तथा भय आदि को नष्ट कर अपने भक्तों का जीवन सुखमय बनाती है। यहीं कारण है कि इनकी भक्तों में विशेष मान्यता है। उधर माता के भक्तों ने उपवास रखकर इनका गुणगान किया। नगर के अधिकांश मंदिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माता का मनाया तथा परिवार के लिये सुख समृद्धि की कामना की। सांय के समय उन्होंने माता के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर आरती उतारी तथा प्रसाद चढ़ाकर व्रत खोला। सारा दिन मंदिरों में धार्मिक भजनों की धुनें सुनाई देती रही। जिससे सारा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस समय हर तरफ नवरात्र की बयार दिखाई दे रही है।

# आशा चन्द्रा ने सीएम से किया वर्चुअल संवाद

## बाढ़ प्रभावित गांवों का उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम में धनौरा ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने क्षेत्र की समस्याओं और उपलब्धियों को सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति जानने पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी लाभ का सीधा फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए।

संवाद के दौरान आशा चंद्रा ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत कोराला में सामुदायिक बारात घर के निर्माण और मनरेगा कार्यों के



जरिए सामुदायिक रसोई संचालन की जानकारी साझा की। सबसे अहम मुद्दा बाढ़ प्रभावित गांवों का रहा। आशा चंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि ब्लॉक क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतें गंगा के किनारे हैं और करीब 25 प्रतिशत क्षेत्र हर साल बाढ़ की चपेट में आता है। गांवों की सड़कें जर्जर होने से आमजन को आवागमन में कठिनाई झेलनी पड़ती है। इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री से राहत राशि की विशेष मांग की। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि ब्लॉक प्रमुख हर छोटे-बड़े विकास कार्य पर लगातार नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ सीधा जनता तक पहुँचे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान, यशवीर खटाना सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। यह संवाद कार्यक्रम न सिर्फ सरकारी योजनाओं की समीक्षा रहा, बल्कि ग्रामीण जनता की समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी साबित हुआ

# धनुष यज्ञ की लीला का भव्य मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली क्षेत्र में चल रही रामल. ीला के अंतर्गत शनिवार की रात इकोंदा और डिडौली में भव्य लीला मंचन का आयोजन किया गया।इकोंदा गांव में आयोजित रामलीला मंचन में भरत मिलाप की लीला का मनमोहक चित्रण किया गया। भरत और श्रीराम के मिलन का हृदयस्पर्शी दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरा मैदान "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं डिडौली कस्बे में रामलीला मैदान में धनुष यज्ञ की लीला का मंचन हुआ। जनकपुरी में आयोजित इस प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग करने का अलौकिक दृश्य देख श्रद्धालु झूम उठे। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।दोनों स्थलों पर लीला देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही। मंचन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय और जयकारों से गूंजता रहा

# उत्पीड़न रोकने को किसान हो एकजुटः नरेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय चौधरी चरण सिंह नगर गजरौला में महेशरा गांव के बीस किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी की मौजूदगी में संगठन की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों का बहुत उत्पीड़न हो रहा है। किसी भी सरकारी विभाग में बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण रुकवाने के लिए किसानों को एकजुटता दिखानी पड़ेगी, यदि आज किसान सरकार से लड़ने के लिए रोड पर नहीं आया तो जिंदगी भर बिजली विभाग का उत्पीड़न सहन करना पड़ेगा और आने वाली नस्ले हमको जिम्मेदार ठहरायेंगी। इस अवसर कामिल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, राहुल सिद्धू, इकबाल सैफी, चंद्रपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, चौधरी चरण सिंह, विजयवीर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## दो भाईयों को ले जाने वाले ई रिक्शा चालक पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सगे भाइयों को बहला फुसला कर ई रिक्शा में बैठाने के बाद गायब करने वाले आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा लिखते हुए चालान कर दिया। कोतवाली क्षेत्र गांव लुहारी खादर निवासी मनोज कुमार के पुत्र दिमाग व हिमांशु को एक रिक्शा चालक बहला फुसला कर उसमें बैठा कर ले गया था. जब घंटों तक 3 व 5 वर्षीय भाई वापस नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ तमाम स्थानों पर बच्चो को तलाश किया था। देर शाम गये ई रिक्शा चालक व दिमाग एंव हिमांशु को बरामद कर लिया था। उसके बाद ई रिक्शा चालक को ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने प्रकाश पुत्र रमेश निवासी ग्राम लठमार की मंढेया थाना सैदनगली का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

## युवती को भगा ले जाने में दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 14 वर्षीय किशोरी को घर पर स्वजनों के नहीं होने पर शनिवार को सुबह बहला फुसलाकर ले जाने पर युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने फत्तेहपुर माफी निवासी वसीम और अनस के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सीएम का बयान पद की गरिमा के अनुरूप नहीं

## कांग्रेस ने की वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाषा उनके पद व गरिमा के अनुरूप नहीं है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में श्री कटारिया ने कहा कि बीते दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक मौलाना के बारे में जो टिप्पणी की वह उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। संविधान के तहत मुख्यमंत्री शपथ लेता है उसकी नजर में सभी जाति व धर्मो के लोग एक समान होते हैं। आज किसान को खाद लेने के लिए लाइनों में लगना पड़ रहा है। जबकि सरकार तुष्टिकरण करने में लगी है। बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। आज भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को लड़ा रही है। जन समस्याओं के समाधान के लिए 15 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय का कांग्रेस घेराव करेगी। इसके लिए अभी से पार्टी कार्यकर्ता जुट जायें। इस दौरान वोट छोड़ गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की भी समीक्षा की गयी। बैठक में सुखराज सिंह, सचिन चौहान, जीशान अली, महसिन अली, राजपाल सैनी, इमरान प्रधान, रिजान अली, सुरेन्द्र सिंह, नासिर, शहरोज आदि मौजूद रहे।



## परशुराम मन्दिर से मूर्ति गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के परशुराम मंदिर से परशुराम की प्रतिमा संदिग्ध रूप से गायब हो गई।। ब्राह्मण सभा के लोगों ने पुलिस को जानकारी देकर कार्यवाही की मांग की है। ब्राह्मण सभा के लोगों का आरोप है कि मंदिर से मूर्ति गायब हो गई। पुलिस से मांग की है मूर्ति का शीघ्र पता लगाया जाए

# व्यक्ति से राष्ट्र निर्माण तक संघ का योगदान

## ब्लॉक के ग्राम महेशरा में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का महत्वपूर्ण योगदान है, उक्त उद्‌गार शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विवेक त्यागी ने व्यक्त किए। रविवार को विजयदशमी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम महेशरा में हर्षोल्लास से मनाया गया। जलालपुर मंडल के महेशरा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा पथ संचलन भी किया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते विवेक त्यागी ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने विजयादशमी के उत्सव के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही पांच परिवर्तन परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी नागरिक कर्तव्य के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक हरिओम कश्यप, खंड शारिरिक प्रमुख विशेष कुमार, महेन्द्र सिंह प्रजापति, ध्वज वाहक लवी शंकर, रणवीर , अजय, दिनेश कुमार, कृष्ण, विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने को प्रयासरत है सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जनपद अमरोहा के दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा के

### विधायक ने वितरित किए वैशाखी व अन्य उपकरण

अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव तरारा ने दिव्यांगजनों को 20 जोड़ी वैशाखी व दो कान की मशीन व स्मार्ट केन का वितरण किया। विधायक ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि,



दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरणों को देकर उनके जीवन-यापन को सरल किये जाने का काम किया है। सेवा भाव के माध्यम से उत्तर प्रदेश को विकसित किये जाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांग पेंशन सभी को समय पर प्राप्त हो रही है। कहा कि वे स्वयं दिव्यांग पेंशन बढ़वाने को लेकर मुख्यमंत्री से मांग रखेंगे। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शिखा शर्मा ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार, नूर हसन, अमित, सुशील सिद्धू, निहार त्यागी, सचिन त्यागी, सीताराम कश्यप, हरेंद्र सिंह, पवन चौधरी, वैभव गोयल आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर का लेंटर गिरने से मलबे में दबे चार मजदूर

## एक की मौत तीन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फैजगंज बैहटा।** शनिवार को महोरी सराय गांव में निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर का लेंटर गिरने से 3 मजदूर हुए घायल,एक मजदूर की हुई मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा हम आपको बता दे कि जनपद बदायूं के बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव महोरी सराय में निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर का लेंटर पड़ रहा था जिसमें कई मजदूर काम कर रहे थे वहीं अचानक से लेंटर की सेंट्रिंग के बल्ले टूटने से लेंटर गिर गया जिसमें काम कर रहे चार मजदूर दब गए वहीं अन्य मजदूरों ने भाग कर अपनी जान बचाई लेंटर के नीचे दबे मजदूरों को 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकल गया जिसमें तीन मजदूर घायल अवस्था में मिले वहीं एक मजदूर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं तीन मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है जिनका इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है वहीं रविवार को 6 बजे करीब मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# पंडित अमन मयंक शर्मा को किया गौरव अवार्ड से सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्राह्मण शिरोमणि अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि एवं साहित्यकार फिल्म निर्माता पंडित अमन मयंक शर्मा को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया पंडित अमन मयंक शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा प्रमाणित अंतर्राष्ट्रीय संस्था एंटी कपरप्शन द्वारा उनके द्वारा समाजसेवा,राजनीति,साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया है।ब्राह्मण शिरोमणि अमन मयंक शर्मा ने कहा कि मै सभी का आभार व्यक्त करता हूं।अमन मयंक शर्मा को राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित किये जाने की खबर मिलते ही उनके चाहने वालों हजारों लोगो में खुशी की लहर दौड़ी। हजारों लोगो ने विभिन्न माध्यमो से ब्राह्मण शिरोमणि पं अमन मयंक शर्मा को बधाईयां दी।

# बिसौली में महिला हेल्प डेस्क शुरू



महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और त्वरित न्याय मिलेगा




बिसौली तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** महिला सशक्तिकरण के तहत तहसील बिसौली में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। जिसका उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने उद्घाटन किया।

यह पहल शासन के नारी मिशन शक्ति अभियान के तहत की गई है। इसका उद्देश्य तहसील क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और त्वरित न्याय दिलाना है।

ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़ें। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि हेल्प डेस्क पर महिला अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त की गई है। यहां महिलाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112, 1076, 102 की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। शुक्ला ने बताया कि 8 महिलाओं के पट्टे किए गए तथा 30 महिलाओं की विरासत एवं कई महिलाओं के समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की शिकायतों को कंप्यूटर पर दर्ज कर उनका डेटा सुरक्षित रखा जाएगा।

# ग्राम वासियों व कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन 99वें दिन भी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** उझानी नगर पालिका का दूषित पानी रोकने को धरना स्थल पर क्रमिक अनशन पर आज 99वें दिन राजाराम जाटव, हरी बाब जाटव, राम सिंह जाटव वीरेंद्र जाटव और राजाराम टेलर क्रमिक अनशन पर बैठे ,सांय 5:00 ,जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन,हुसैन जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव वीरपाल सिंह यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव ओमवीर खटीक , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड ने क्रमिक अनशनकारियों को जूस पिलाकर आज का क्रमिक अनशन समाप्त कराया। धरना स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि कल दिनांक 29 सितंबर 2025 को संघर्ष समिति ग्राम वासियों और कांग्रेसियों ने तय किया है कि कल 100वें दिन प्रात: 11:00 बजे सत्याग्रह धरना प्रदर्शन बरेली मथुरा हाईवे छतुइया रेलवे क्रॉसिंग पर होगा प्रशासन आंदोलनकारीयों की आवाज महात्मा गांधी के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं सुनना चाहता है आज ग्राम वासियों के साथ आज शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर तय किया अब सड़क पर आंदोलनहोगा। उन्होंने सभी कांग्रेसियों से अनुरोध किया है कि कल 10:00 तक धरना स्थल हाईवे नरूउ पहुंचने का कष्ट करें। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन ने कहा की यह ऐतिहासिक आंदोलन अब उग्र संघर्ष की तरफ जा रहा है और अब हम यह लड़ाई सड़कों पर ही लड़ेंगे और इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ ग्राम वासियों के साथ खड़ी है। राष्ट्रगान करने के बाद शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती पर आंदोलन कार्यों में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धरना स्थल पर योगेंद्र सोलंकी ,कमल प्रताप सिंह ,राजाराम, छोटेलाल वेदपाल, राजेश ,हरी बाबू ,रामदेव सोलंकी, राम सिंह, विनोद कुमार बालू सिंह, शंकर लाल, सुखराम, गुड्डू श्याम बाबू, सोहनलाल , रामलाल शैलेंद्र कुमार सिंह, वैभव सोलंकी पातीराम , बृजेश कुमार ,अरुण सागर ,गौरी शंकर, कमल प्रताप सिंह,अनिल चौहान, गौतम सिंह अनूप सिंह, वीरपाल सोलंकी, अमर सिंह ,सुखराम ,लाल सिंह ,नितिन कुमार, हरी बाबू ,बेचेलाल, विवेक कुमार, रोहित सिंह ,रूपचंद, अमर सिंह, सोहनलाल मौर्य, गुड्डू सिंह ,देवेंद्र सिंह ,सीटू सिंह ,भगवान सिंह, फूल सिंह, रामचंद्र , विनोद कुमार सिंह आदि सैकड़ो ग्रामीण और कांग्रेसी उपस्थित रहे ।

# महिलाओं को किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती कस्बे के मुख्य चौराहे पर पुलिस स्टेशन उघैती की पुलिस ने छात्राओं व महिलाओं को सशक्त बनाने लिए मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम के द्वारा अपराधों से बचाव तथा हेल्पलाइन सेवाओं के संबंध में जागरूक किया महिला पुलिसकर्मीयों ने उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला कांस्टेबल सरिता चौधरी ने महिलाओं व छात्राओं से अनजान लोगों से बातचीत न करने की सलाह दी!साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर और सीयूजी नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिससे वह किसी भी विषम परिस्थिति में मदद प्राप्त कर सके। इस अवसर पर महिला सिपाही सरिता चौधरी,प्रतिभा शर्मा, शिल्ता, रामबाबू सिंह, सिपट्टर सिंह मौजूद रहे।

# सरदार भगत सिंह की मनाई गई 118वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** आज रविवार को नई तहसील कालोनी में पण्डित बृहमेंद्र शास्त्री जी के आवास पर सर्व समाज जागरूकता अभियान(भारत) व प्रबुद्ध मंच द्वारा संयुक्त रूप से शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन के संघर्ष और क्रांतिकारी विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला और शहीद भगत सिंह के संघर्ष को याद किया। इस अवसर पर सर्वसमाज जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित माधव मिश्रा ने शहीद भगत सिंह के देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों को अपने जीवन में उतारने और उनके बताए रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने शहीद भगत सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कहीं। इस अवसर पर अतिराज सिंह यादव,पण्डित हरस्वरूप शर्मा जी,पण्डित सुरेश चन्द शर्मा गुरु जी,राजकिशोर शुक्ला,शिवशंकर पाठक एडवोकेट, अमित शर्मा दयाल बन्धु सेवा केंद्र बिसौली, महेंद्र पाल गुप्ता,अवनीश शर्मा,ओमेंद्र यादव,वृषकेत शर्मा,नैतिक शर्मा,प्रवीण शर्मा ष्जानीष्आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पण्डित वृहमेंद्र शास्त्री ने की संचालन राजकुमार शर्मा ने किया।

## एक नजर...

# पुलिस ने किया महिला मैराथन दौड़ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददता**

**पीलीभीत।** नारी शक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत पीलीभीत पुलिस द्वारा नकटादाना चौराहा से गांधी स्टेडियम तक महिला मैराथन दौड़ का सकुशल आयोजन किया गया, विजित छात्राओं को पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल पीलीभीत के नेतृत्व में नारी शक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत पीलीभीत पुलिस द्वारा रविवार को नकटादाना चौराहा से गांधी स्टेडियम तक महिला मैराथन दौड़ का सकुशल आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पीलीभीत दलजीत कौर, नगर पालिका परिषद पीलीभीत चेयरमैन डॉ आस्था अग्रवाल, एडीएम जे, एडीएम एफआर, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, न्यायधीश फ़ैमिली कोर्ट स्वेता, सीएमओ डॉ आलोक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूरनपुर, तहसीलदार सदर एवं समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे जिसमें जनपद के 6 विद्यालयों/महाविद्यालयों ाड मेडिकल कॉलेज, वीरांगना अवन्ति बाई कॉलेज, उपाधि कॉलेज, कम्पोजिट कॉलेज पीलीभीत, टाइगर डिफेन्स अकैडमी, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की बालिका/छात्राओं व रोटरी मातृ शक्ति टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें शीतु गंगवार पुत्री श्री महेन्द्रपाल द्वारा प्रथम, सविता देवी पुत्री श्री महावीर द्वारा द्वितीय, प्रियांशी पुत्री श्री प्रमोद कुमार द्वारा तृतीय,

वैष्णवी पुत्री श्री नंद किशोर द्वारा चतुर्थ, लक्ष्मी देवी पुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा पंचम, नेहा देवी पुत्री श्री नरेशपाल द्वारा छटा स्थान प्राप्त किया गया। मैराथन में शामिल सभी बालिका/छात्राओं का प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा विजेताओं को पुरष्कृत किया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1090, 112, 181 के प्रति जागरूक किया गया तथा महिलाओं के सम्मान एवं स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं मिशन शक्ति अभियान व स्वास्थय के महत्तव के बारे में बताया गया।

# वेटरेन्स क्रिकेट संघ ने 40 प्लस आयु वर्ग के खिलाड़ियों का विशेष ट्रायल सत्र किया आयोजित

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम में वेटरेन्स क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 40 प्लस आयु वर्ग के खिलाड़ियों हेतु एक विशेष ट्रायल सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कुल 32 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस सत्र में 8 ऑलराउंडर, 3 विकेटकीपर, 11 बल्लेबाज एवं 10 गेंदबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व अंतरजन. पदीय खिलाड़ी संजय सहगल, अनिल महेंद्रु एवं मोहित अग्रवाल ने ट्रायल प्रक्रिया का संचालन करते हुए खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, मानसिक सजगता एवं टीम भावना का सूक्ष्म परीक्षण किया। आब्जर्वर के रूप में प्रतिष्ठित खेल विश्लेषक डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री मौजूद रहे। वेटरेन्स क्रिकेट संघ के जिला उपाध्यक्ष हरपाल यादव ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से ट्रायल सत्र सुचारू रूप से संपन्न हुआ। जूनियर वर्ग में धर्मादित्य एवं पारस शर्मा ने अनुकरणीय योगदान देकर भविष्य की संभावनाओं को उजागर किया। इस ट्रायल सत्र की विशेषता रही विभिन्न विभागों से आए प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी। पुलिस विभाग, रेलवे विभाग, कचहरी से पेशकर अधिवक्ता वर्ग, फार्मा क्षेत्र के प्रति. निधि एवं अध्यापक सहित अनेक विभागों के खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे आयोजन को एक समावेशी एवं सामाजिक स्वरूप प्राप्त हुआ। वेटरेन्स क्रिकेट संघ के सचिव जगदीश सक्सेना ने जानकारी दी कि सभी खिलाड़ियों का परिणाम 30 सितम्बर तक उनके व्यक्तिगत मोबाइल नंबरों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से साझा किया जाएगा। चयनित 16 सदस्यीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश वेटरेन्स क्रिकेट संघ के लीग मैचों की श्रृंखला का प्रथम मैच शाहजहांपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पीलीभीत की टीम शाहजहांपुर के विरुद्ध 5 अक्टूबर को प्रतिस्पर्धा करेगी।

# अपना दल (एस) का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**मेरठ।** अपना दल (एस) के तत्वावधान में रविवार को भैंसाली रोडवेज के पास कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्वार (रामपुर) विधायक शफीक अहमद अंसारी एवं राज्य मंत्री रेखा वर्मा का कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में भव्य स्वागत किया।

सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार ने नए जिलाध्यक्ष को कार्यभार सौंपते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव अलका पटेल, मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जकी उल नासिर, रामपुर जिलाध्यक्ष घनवीर चौधरी, हापुड़ जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी, प्रदेश महासचिव कृपाल सिंह सहित अन्य नेताओं ने अपने विचार रखे।

# बेनहर गुरुकुल के छात्र 'तन्मय' ने जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप




**पीलीभीत।** डॉ. जीडी अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल के तत्वाधान में बेनहर गुरुकुल के कक्षा 11वीं के छात्र तन्मय ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियनशिप जीती। यह प्रतियोगिता शहर के सम्मानित लाइंस बाल विद्या मंदिर में आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया। जिसमें क्वार्टर फाइनल ,सेमी फाइनल और फाइनल तीनों राउंड में बेनहर गुरुकुल के तन्मय ने जीत हासिल की। यह प्रतियोगिता अंडर–19 वर्ग के अंतर्गत शहर के अनेक विद्यालयों के छात्रों के मध्य आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता जीतकर तन्मय के लौटने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर एवं सभी अध्यापक– अध्यापिकाओं ने विजेता चैंपियन को बधाई दी। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने भी चैंपियन बने तन्मय को शुभ आशीष देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई –लिखाई के साथ–साथ शारी. रिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने चैंपियन बने तन्मय की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के खेल अध्यापक रमनदीप सिंह के दिशा निर्देशन में बच्चे खेल कूद के प्रति जागरूक हो रहे हैं। बच्चे उचित मार्गदर्शन प्राप्त करके विद्यालय का और अपने माता–पिता का नाम रोशन कर रहे हैं।

# आत्म मंथन से मन में व्याप्त कुरीतियों को करें दूर: सुदीक्षा जी

**मेरठ।** इस विविधताओं से भरे संसार में जहां मानवता अनेक रूपों, भाषाओं, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों में विभाजित दिखाई देती है, वहीं एक शाश्वत सत्य है जो हम सभी को एक अटूट सूत्र में पिरोता है। हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर अनके रूपों में आकर प्रेम, करुणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते है। हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए, संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् 'समस्त संसार एक परिवार' की दिव्य भावना को जीवन्त कर रहा है।

# सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर परिसर पर चल रही नौ दिवसीय भागवत कथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर सभी श्रद्धालु भक्तों के द्वारा माता रानी का घर–घर दरबार सजाया गया नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर मां स्कंदमाता की सभी लोगों ने पूजन अर्चन किया पूजा अर्चना करने के बाद सभी भक्त सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा पंडित राजकिशोर दीक्षित निवासी ग्राम बंडी जिला शाहजंहापुर ने राम विवाह के सुन्दर प्रसंग का रसपान भक्तो को कराया जिसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के देवी स्थान मंदिर पर नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमे दूर दराज से आए पंडित राजकिशोर दीक्षित ने राम विवाह की सुन्दर कथा का रसपान भक्तो को कराया गया जिसे सुनकर सभी श्रोता भावविभोर हो गए।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**पीलीभीत।** थाना सुनगढी क्षेत्र के मोहल्ला राजा बाग कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम सेल्हा निवासी 19 वर्षीय प्रसंग यादव पुत्र श्यामसुंदर वर्तमान समय में थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजाबाग कॉलोनी में महेश चंद पुत्र फकीरचंद के मकान में किराए पर रहता था। किराएदार प्रसंग के कमरे की अंदर से कुंडी लगी हुई थी। मकान मालिक व साथी किराएदार संदीप कुमार, तप विश्वास, सुरेश की उपस्थिति में किराएदार प्रसंग यादव के कमरे का गेट तोड़कर अंदर जाकर देखा तो प्रसंग यादव उपरोक्त ने एक चुन्नी का फंदा बनाकर छत में लगे हुए हुक से लटकर आत्महत्या कर ली है। तत्काल परिजनों को सूचना कर दी गई हे फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 74649466 37 |


# तेंदुएं की मौत के बाद शिकारियों की तलाश में गई वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही जंगल में फंदे में तेंदुआ फंसने और उसकी मौत हो जाने के बाद से ही वन विभाग की टीम शिकारियों की तलाश में जुटी हुई थी।

देर रात्रि टीम सूचना पर पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति के हाथ में थैला देखकर उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन उसने शोर मचाकर अन्य लोगों को बुला लिया। सभी ने वन दरोगा समेत पांच वनकर्मियों को घेर कर हमला कर दिया। हमलें में वन दारोगा और सभी कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं। वन दारोगा को बेहोशी की हालत में रात्रि में ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सभी का इलाज कराया गया। माधोटांडा सीमावर्ती क्षेत्र में नगरिया कट के पास एक तेंदुआ फंदे में फंसा हुआ था। शनिवार को उस तेंदुआ की मौत भी हो गई। वन्यजीव के शिकार के लिए शिकारियों ने यह फंदा लगाया था। तब से वन विभाग द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में शिकारियों पर नजर रखी जा रही थी। शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे नौजल्हा वन चौकी प्रभारी शिवम कुमार को सूचना मिली कि गभिया सहराई गांव के पास एक व्यक्ति वन्य जीव के शिकार के साथ आ रहा है। टीम के साथ मौके पर पहुंचे वन दारोगा तभी वन दारोगा अपनी टीम के चार अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि गभिया घाट के पास एक व्यक्ति हाथ में थैला लिए जा रहा है। टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तभी वह भागकर गांव की तरह आ गया और अपने साथियों को बुलाने के लिए शोर मचाने लगा। इसी दौरान लगभग 30 से 35 लोगों ने वन विभाग की टीम को घेर लिया। लोहे की राड, लाठी और डंडों से उन पर हमला कर दिया। सभी ने वन विभाग की टीम को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। लगातार हमले से वन दरोगा शिवम कुमार तो बेहोश हो गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम से मारपीट, फाड़ी वर्दी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव वैठ में एक युवक के सोशल मीडिया पर बंदूक लहराने के वीडियो वायरल होने के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अवैध हथियार के साथ आरोपी युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ज़ब पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार करने गई तो आरोपीय और उसके परिजनों द्वारा पुलिस टीम पर हमला कर उनकी वर्दी फाड़ दी गई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को गांव वैठ में एक युवक द्वारा अवैध तरीके से हथियार प्रदर्शित करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। अवैध हथियार के साथ वीडियो वायरल होने की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम गाँव में जांच के लिए पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक और उसके परिजनों ने पुलिस के साथ उलझना शुरू कर दिया। यह मामला जल्द ही हाथापाई में बदल गया, जिसमें पुलिस कर्मियों की वर्दी तक फाड़ दी गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। पुलिस अधिका. रियों ने पुष्टि की कि वीडियो में युवक अवैध हथियार का प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक समेत अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नामजद किए गए आरोपियों में सारिक, नवाब, इकरा, अरसी, समीम और अरबाज शामिल हैं। सीओ स्तुति सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले, चाहे वे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हरिहर चंडी मंदिर में छठे नवरात्र पर हवन-पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** श्री हरिहर चंडी मंदिर समिति द्वारा छठे नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में माता रानी का हवन और पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। आज के यजमान अध. ूरी वालों का परिवार अभिषेक मित्तल तथा सुमित मित्तल का परिवार रहा, जिन्होंने माता रानी का श्रृंगार कर हवन में भाग लिया। पूजन कार्यक्रम का संचालन पंडित गौरव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया और मां की आरती का गुणगान किया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश मित्तल ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि मां चंडी से जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मंदिर परिसर में पानी व स्वच्छता की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर समिति की ओर से केशव शर्मा, राहुल मित्तल, फतेहचंद सक्सेना और बृजेश शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विधायक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल व सिलाई मशीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत रविवार को सदर विधायक नें छात्राओ को साइकिल और जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की। इस दौरान सदर विधायक ने छात्राओं और महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता भी मौजूद रहे।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मीनाक्षी रोड पर स्थित अपने आवास पर छात्राओं को शिक्षा में मदद करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने 50 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। इसी के साथ विधायक ने जरूरतमंद 25 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन का भी वितरण किया।

इस दौरान देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरूक किया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने इस वितरण को महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी छात्राओं और महिलाओं को जानकारी दी।

# डीआईजी ने की मिशन शक्ति की समीक्षा, दिए कड़े निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कला. निधि नैथानी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से मिशन शक्ति फेज 5.0 की समीक्षा के दौरान, मेरठ परिक्षेत्र के चार जनपदों मेरठ, बुलन्दशहर, बागपत, हापुड़ के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त पुलिस कर्मी पीड़िता के आगमन से लेकर उसके मानसिक एवं शारीरिक रूप से पूर्णत सशक्त होने तक 360 काउंसिलिंग, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करें। पुलिस कर्मियों का पीड़िता के प्रति व्यवहार अच्छा रहे एवं गम्भीरता से उनकी समस्या को सुना जाए।

मिशन शक्ति केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक केस को एक यूनिक नम्बर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि एन्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा चैकिंग में खाना पूर्ति न की जाए, बल्कि स्कूल, कॉलेज, रामलीला मंच, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर भ्रमणशील रहकर शोहदों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। डीआईजी ने कहा कि सभी केन्द्र मिशन शक्ति से सम्बन्धित एसआ. ेपी के अनुसार कार्य करें एवं सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करें। डीजी परिपत्र 38/25 का सभी मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं कर्मचारी भली-भांति अध्ययन कर लें एवं परिपत्र में दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरश पालन करें। मिशन शक्ति केन्द्र रोस्टर के अनुसार दिन प्रतिदिन की कार्यवाही करें। सभी नोडल अधिकारी अपने अपने कार्यालय में मिशन शक्ति सम्बन्धी पत्रावली प्रचलित करें। पीड़िताओ की सहायता के क्रम में फैमिली कोर्ट, चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेन्टर, डीपीओ, समाज कल्याण अधिक. ारी आदि से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। स्कूल, कॉलेज, विद्यालय आदि में पम्पलेट, फोल्डर का वितरण कर महिलाओं में अधिक से अधिक जन जागरुकता/ प्रचार प्रसार किया जाए। अभियान के दौरान जनपद में संचालित वन स्टॉप सेंटर, अनाथालय, नारी संरक्षण गृह आदि का भ्रमण/ निरीक्षण किया जाए। सरकार द्वारा प्रदान की जा रही महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी प्रदान की जाए। विभिन्न विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण, माध्यमिक शिक्षा, नगर विकास, संस्कृति, पंचायती, ग्राम विकास, राजस्व, सूचना, जनसम्पर्क, न्याय, परिवहन से समन्वय स्थापित करते हुए जागरुकता फैलाएँ।

# दो लाख के अवैध पटाखे के साथ दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले दो लोगों को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब दो लाख रूपये की कीमत के 50 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है। बताया जा रहा है कि यह पटाखे दीपावली पर बिक्री कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से लाए गए थे। पुलिस ने छापेमारी कर अवैध पटाखों का भंडारण करने वालों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

सदर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध पटाखे व विस्फोटक पदार्थ बेचने और भण्डारण करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मौहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी में अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब दो लाख रूपये की कीमत के 50 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले दो आरोपी आकाश पुत्र रोहताश निवासी जसरुप नगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड और मो. हत पुत्र महेन्द्र निवासी मौहल्ला आदर्श नगर थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि अवैध पटाखों का भंडारण दीपावली पर बिक्री कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अगर कोई भी व्यक्ति अवैध पटाखों की बिक्री या भंडारण करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राम राज्य अर्थात समता मूलक समरस समाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर फगोता की सहायतार्थ श्रीराम कथा में रविवार को रामराज्य की चर्चा करते हुए महाराज ने कहा की राम जब अयोध्या के राजा बने तो उन्होंने चारों वर्ण के लिए एक ही घाट बनाया राजा और प्रजा सभी एक ही घाट पर स्नान करते थे अर्थात राम ने समरसता पूर्ण समाज की स्थापना की समरसता युक्त समाज ही राम राज्य है।

क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम विकास समिति सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों के माध्यम से सस्ते में संस्कारित शिक्षा देने का काम कर रही है इन विद्यालयों की सहायता के लिए सदा तैयार हूँ। कथा व्यास ने आगे बोलते हुए कहा की भगवान राम ने शबरी को भक्ति का उपदेश देते हुए कहा कि मैं जाति कुल धर्म धन बल किसी को नहीं मानता मैं केवल एक भक्ति के संबंध को मानता हूं और जो मुझे भक्ति के नाते प्रेम करता है। लंका में माँ जानकी की स्थिति को देखकर हनुमान को अपना शिव रूप याद आ गया और उन्होंने अपने कोप से लंका को जला दिया सुन्दर कांड में माँ जानकी हमे संदेश देना चाहती है की मृत्यु का भय होने पर भी हमे अपने सतित्व की रक्षा कैसे करनी चाहिए इसलिए आज हमें अपनी बेटियों को राजा दाहिर पुत्रियों सूर्या, परमाल,हांडा रानी, दुर्गावती, झलकारी बाई व लक्ष्मी बाई की कहानियां सुननी चाहिए। ग्रामविक. ास समिति के महामंत्री पवन गोयल ने लोगों ने से विद्यालय व समिति से जुड़ने का निवेदन किया तथा नरेंद्र शिशोदिया प्रधान ने सभी भक्तों को कथा में पधारने व कथा के लिए आर्थिक व शारिरिक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कथा में यजमान मनोज शिशोदिया, गजेन्द्र शिशोदिया अन्य लोगों में राजेंद्र तोमर दीपक तोमर बढायला, अकसवीर तोमर, मानवेंद्र, बच्चन सिंह, आशु शर्मा, मोहित राणा, अशोक कुमार मुंशी, आदि लोग

## एक नजर

### सस्ते हलवे-परांठे पर उठे सवाल इंटरनेट मीडिया पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** रामलीला मैदान के बाहर मात्र 100 रुपये प्रति किलो में बिक रहे हलवे-परांठे की एक तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुई है। इस तस्वीर के प्रसारित होते ही लोगों के बीच इसकी खूब चर्चा शुरू हो गई।

लोगों ने सवाल उठाया है कि जब बाजार में घी की कीमत लगभग 550 रुपये प्रति किलो है, तो इतने महंगे घी से बने हलवा-परांठे सिर्फ 100 रुपये किलो में कैसे बेचे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इसका सीधा मतलब यह है कि इसमें मानक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि सस्ता दिखाने के चक्कर में घटिया क्वालिटी से हलवा-परांठा तैयार किया जा रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खाद्य पदार्थों की तुरंत जांच कराई जाए और मानकों के विपरीत काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यह सस्ता भोजन नहीं, बल्कि लोगों को परोसा जा रहा जहर है।

### ऑटो दुर्घटना में दो युवतियां घायल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के हिण्डालपुर गाँव निवासी दो युवतियाँ छह दिन पहले हुई एक ऑटो दुर्घटना में घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़िताओं की शिकायत पर ऑटो चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

यह घटना 23 सितंबर की शाम लगभग साढ़े पाँच बजे की है। मिन्की और अनु नामक युवतियाँ सरस्वती कोचिंग सेंटर से ऑटो में सवार होकर अपने घर लौट रही थीं। आरोप है कि ऑटो चालक ने लापरवाही बरतते हुए वाहन तेज गति से चलाना शुरू कर दिया और अश्लील गाने बजाकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जब युवतियों ने इसका विरोध किया तो चालक ने और भी खतरनाक ढंग से गाड़ी चलानी शुरू कर दी। धौलाना कट के पास ऑटो ट्रक से टकराने से बाल-बाल बची और अंततः छिजारसी टोल प्लाजा के समीप आकर ऑटो पलट गई। इस हादसे में दोनों युवतियाँ घायल हो गईं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी की उम्मीद है।

### सदियों पुरानी पुलिस चौकी का होगा जीर्णोद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुक्ति धाम के रूप में विख्यात ब्रजघाट गंगानगरी में एक सदी से भी पुरानी पुलिस चौकी के जर्जर हो रहे भवन का जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ होने से धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

अपराधों पर नकेल कसने के साथ ही बदमाशों को कानून का पाठ पढ़ाने के साथ ही ब्रजघाट चौकी प्रभारी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर भागीदार बनते आ रहे हैं।

जिन्होंने सौ साल से भी पुरानी हो चुकी पुलिस चौकी के जर्जर होते जा रहे भवन का अब जीर्णोद्धार कराने का बीड़ा उठाया है। आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद कराया जा रहा है, ताकि सर्दी के मौसम में ठंडी हवा और गर्मी के मौसम में तेज धूप के साथ ही बरसात में बारिश से उपयुक्त ढंग में बचाव संभव हो सके। पुलिस कर्मियों से जुड़ीं सुविधाओं को भी चाक चौबंद कराते हुए हवालात को भी साफ़ सुथरा कराया जा रहा है। ताकि बंदियों को भी कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। पुलिस चौकी को पूरी तरह ग्रीन और क्लीन बनाने के साथ ही शुद्ध पेयजल की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। बनारस की तर्ज पर हो रही संध्याकालीन गंगा आरती का दायित्व संभाल रही गंगा सभा के संचालक कपिल शर्मा और श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा का कहना है कि चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव द्वारा सौ साल से भी पुरानी हो चुकी ब्रिटिश शासन काल में बनी पुलिस चौकी का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कराए जाने से गंगानगरी में खुशी की लहर दौड़ गई है। चौकी में जन सुविधाओं का इजाफा होने से गंगानगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की शिकायतों पर त्वरित ढंग में सुनवाई और भी पारदर्शी हो जाएगी।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि हापुड़ नगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिन्दू देवी देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक को नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने का एक मामला सामने आया था पुलिस ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक के बारे में जानकारी हासिल की और उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्ति. जनक पोस्ट करने वाले आरोपी युवक प्रशान्त बोद्ध पुत्र चंचल निवासी मौहल्ला टीचर्स कॉलोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड को मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ और भ्रामक पोस्ट करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मान्यवर कांशीराम परिनिर्वाण दिवस की तैयारियों पर मंथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दस्तोई रोड पर बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के निर्देश पर, मान्यवर कांशीराम साहब के 19वें परिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर 2025 के लिए लखनऊ पहुंचने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। 9 अक्टूबर 2025 को लखनऊ में होने वाले परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करना। पूर्व जिला अध्यक्ष हापुड़, एडवोकेट केपी सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मान्यवर कांशीराम साहब को श्रद्धांजलि देने के लिए लखनऊ चलने की अपील की।

बैठक में बसपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें एडवोकेट केपी सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष हापुड़, राज. कुमार सागर जिला सचिव, प्रदीप जाटव जिला संयोजक बीवीएफ, हीरा लाल, संजय बाल्मीकि पूर्व विधानसभा सचिव, श्रीराम गुलाम दिवाकर, बहुजन महापुरुष विचार समिति के पदाधिकारी अजब सिंह और अरुण शामिल थे। एडवोकेट केपी सिंह ने इस अवसर पर मातृ शक्ति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने माता द्रोपा का विशेष रूप से धन्यवाद किया और इस उम्र में भी उनके जोश और उत्साह की सराहना की। बैठक के समापन पर, दस्तोई रोड के सभी उपस्थित साथियों ने यह आश्वासन दिया कि वे बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर 9 अक्टूबर के कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

# सूर्पनखा प्रसंग से सीता हरण तक के जीवंत दृश्यों ने बांधा समां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रीरामलीला समिति रजिस्टर्ड 2025 हापुड़ के तत्वावधान में भव्य श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ समिति के प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शुभम गोयल एडवोकेट सहित अन्य पदा. धिकारियों द्वारा श्रीराम की आरती कर किया गया।

मंचन के दौरान कथा व्यास पवन देव चतुर्वेदी महाराज ने पंचवटी प्रसंग का जीवंत चित्रण करते हुए बताया कि जब भगवान श्रीराम पंचवटी में निवास करने लगे, तभी राक्षसी सूर्पनखा का आगमन हुआ। लक्ष्मण द्वारा बार-बार समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने क्रोधित होकर उसका नाक-कान काट दिया। आहत सूर्पनखा अपने अनुज खर-दूषण के पास पहुंची और शिकायत की। इसके बाद खर-दूषण 14,000 की विशाल सेना लेकर युद्ध को आया, किंतु श्रीराम ने एक ही मोहिनी बाण से उनका संहार कर दिया। माता सीता ने उस मृग की छाल लाने की इच्छा व्यक्त की, जिससे रामजी उसके पीछे गए। मारीच मरते-मरते राम की आवाज लगाता हुआ उन्हें दूर ले गया। उसी अवसर पर रावण साधु का वेश बनाकर आया और छल से माता सीता को लक्ष्मण रेखा पार करवाकर उनका अपहरण कर लंका ले गया। मंचन के दौरान समिति के संरक्षक अनिल आजाद, रतनलाल नैन, देवेंद्र अग्रवाल, डीके, मीडिया प्रभारी वरुण गोयल, रामकुमार गर्ग, नवीन गुप्ता, विमल वर्मा, केशव वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल तथा ऋतिक त्यागी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# दबंगों की धमकी से खौफजदा युवक पुलिस सुरक्षा में पहुंचा कब्रिस्तान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपने पैतृक गांव सिखैड़ा में आने पर दबंगों द्वारा जान से मारने की धमकी मिलने से बुरी तरह भयभीत चल रहे युवक को पुलिस की सुरक्षा के बीच दिवंगत चाचा के दफीने में शिरकत करनी पड़ी।

सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखैड़ा का शेरू दबंगों की धमकी से भयभीत होकर परिवार के साथ पिछले कुछ दिनों से हापुड़ में रह रहा है। जिसके चाचा यासीन का बीमारी से मौत होने की खबर मिलते ही शेरू बुरी तरह व्याकुल होकर पैतृक गांव में आने की तैयारी करने लगा। परंतु इसी बीच उसे उन दबंगों की धमकी याद आ गई, जिन्होंने गांव में आने पर मौत के घाट उतारने की बात कही हुई है। शेरू ने अपनी जान को खतरा भांपते हुए एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र दिया। जिसमें उल्लेख किया गया कि पीड़ित गांव के कुछ दबंग लोगों ने ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसको लेकर उसने संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायत की थीं, जिनका पता लगने पर नाराज हुए दबंगों ने गांव में आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी हुई हैं। शेरू ने यह भी उल्लेख किया धकि गांव में विवाद होने पर उसने कई दबंग लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी रंजिश में दबंग लोग उसकी जान के पीछे पड़े हुए हैं। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि सिखैड़ा निवासी शेरू ने अपनी जान को खतरा बताकर एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था। जिसके आधार पर पुलिस सुरक्षा के बीच उसे गांव में लाया गया, जहां वह अपने दिवंगत चाचा यासीन के दफीने में शिरकत करने के बाद कुछ देर के लिए घर होकर हापुड़ के लिए लौट गया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने रविवार को ब्रजघाट गंगानगरी के वृद्धाश्रम का दौरा कर व्यवस्था परखते हुए बेसहारा बुजुर्गों का हाल चाल जानते हुए दुर्ख दर्द भी बांटा। ब्रजघाट गंगानगरी के भागीरथी वृद्धा आश्रम का विधायक ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले बेसहारा बुजुर्गों को मिल रहीं जन सुविधाओं के साथ ही उनके खानपान और देखरेख के विषय में बड़ी बारीकी से जांच पड़ताल की। इसके उपरांत अपनों के दुत्कारे बुजुर्गों से भेंट करते हुए उनका हाल चाल जानते हुए दुख दर्द भां बांटा। इस दौरान वृद्ध आश्रम के सदस्य धर्मपाल सिंह चौहान, गंगा सेवा समिति अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, आशीष समेत कई लोग मौजूद रहे।

### दिल्ली पुलिस का सलावा गांव में छापा

# 40 करोड़ की ड्रग्स बरामद, एक गिरफ्तार

**■ ड्रग्स के मामले में पहले से ही फरार चल रहा था आरोपी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव सलावा में रविवार सुबह दिल्ली की टीम ने छापेमारी की कार्यवाही करते हुए एक घर से 36 किलो ड्रग्स बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस की टीम आरोपी युवक समेत उसकी पत्नी व दोस्त को हिरासत में लेकर साथ चली गई।

पुलिस कार्यवाही के चलते पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति बनी रही। आरोपी युवक पूर्व में भी इस मामले में दिल्ली से फरार चल रह था। रविवार अल सुबह दिल्ली पुलिस की एक टीम के साथ कई गाड़िया व सलावा पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों के साथ गांव में पहुंची। टीम ने गांव स्थित कश्यप पटट्री में अनित पुत्र बिट्टू के घर पर छापेमारी की कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस टीम ने घर में किसी को घुसने नही दिया, पूरी कार्यवाही के दौरान सरधना पुलिस को भी दूर रखा गया। बताया गया कि दिल्ली पुलिस ने अनित को ड्रग्स केस के पुराने मामले में पकड़ने के लिए आई थी, लेकिन घर के अंदर छापेमारी से पुलिस टीम के होश ही उड़ गए, पुलिस को घर के कमरो से करीब 36 किलो ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत करीब 40 करोड़ रूपये बताई जा रही है। कार्यवाही के बाद पुलिस आरोपी युवक अनित उसकी पत्नी व एक दोस्त को भी पकड़ में ले लिया। हालांकि पुलिस ने बाद में पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया। पुलिस अनित व पकड़ी गई ड्रग्स को लेकर दिल्ली ले गई, चर्चाओं के अनुसार आरोपी अनित पत्नी के साथ मिलकर इस कृत्य को कर रहा था। पूर्व में दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़ी गई ड्रग्स केस में अनित फरार चल रहा था, जिसकी पकड़ के लिए पुलिस ने गांव में छापेमारी की। गांव वालों ने बताया कि आरोपी कुछ दिन से ही गांव में रह रहा था, जिसकी गतिविधियों पर किसी को शक नही हुआ। बताया गया है कि अनित दिल्ली में रहकर ड्रग्स के बड़े सप्लायरों के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में ड्रग्स बेच रहा था।

## तीन घंटे में पुलिस ने दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मिशन शक्ति के तहत हर थाने में महिलाओं को तुरंत एक्शन लिया जा रहा है इसका जीता जागता सबूत जानी थाने में देखने को मिला। जानी में एक युवती के साथ बलात्कार करने का आरोपी पुलिस ने दबोच लिया और चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार रविवार को जानी खुर्द गांव में एक युवती के साथ एक युवक ने घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया और आरोपी फरार हो गया परिजनों ने जानी थाना पुलिस को सूचना देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया। तभी उप निरीक्षक नितिन कुमार ने चंद घंटे में ही आरा. पी को जानी नहर पुल से दबोच लिया आरोपी की पहचान जुबेर पुत्र शहाबु को दबोचकर कोर्ट में पेश किया।

# मोदी के 75वें जन्मदिवस पर खरखौदा में लगा मेगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**■ कार्यकर्ताओं के बीच 800 लोगों की हुई जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रविवार को जनता इंटर कॉलेज, खरखौदा में मेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

न्यूबर्ग औद्योगिक समूह की ओर से आयोजित शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 3 बजे तक चला। शिविर में करीब 800 लोगों की जांच की गई। इसमें रक्त परीक्षण, मधुमेह जांच, मुख कैंसर की जांच, आंखों की जांच तथा महिलाओं का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहा। जांच का कार्य सुभारती मेडिकल के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने किया।



मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर का शुभारंभ न्यूबर्ग औद्योगिक समूह के चेयरमैन अनिल त्यागी ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी और सांसद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के शिविर समाजहित में बेहद उपयोगी साबित होते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष मुनेन्द्र मावी, प्रदीप त्यागी, प्रबोध शास्त्री, आशीष प्रधान, संजय प्रजापति, महामंत्री हरीश कुमार आड़, कपिल शास्त्री, राजेश्वर छतरी, घनश्याम, बिजेन्द्र चेयरमैन, अरविन्द चौधरी, ब्रहमपाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जहर खुरानी गिरोह ने चार गोवंश व एक भैंस को दिया जहर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र में जहर खुरानी गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। गिरोह ने पुराने बस स्टैंड के पास दूध की डेरी में चार गौवंश व एक भैंस को मार दिया। पशुओं की मौत से पशु पालकों में रोष व्याप्त है। मारे गए पशुओं की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में जहर खुरानी गिरोह के खिलाफ तहरीर दी है।



जानकारी के अनुसार पुराने बस स्टैंड के पास फलावदा निवासी उवेस पुत्र समीनुद्दीन ने दूध की डेरी कर रखी है उवेस ने डेरी में एक दर्जन से अधिक पशु पाल रखे हैं। उवेस के चाचा शहजाद ने बताया सुबह पशुओं को चारा डालने के बाद उवेस घर चला गया था। करीब 11 बजे घर से वापस लौट कर डेरी पर आया जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसके पशुओं को जहर डाल दिया जहर से पांच गाय व एक भैंस की जहर खाने से मोत हो गई। पशुओं की कीमत लाखो रुपये बताई गई है। घटना के संबंध में थाने में अज्ञात जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों के खिलाफ तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## गोतस्कर के आरोपी को जिला बदर कर हापुड़ सीमा पर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने नगर के एक गौतस्कर को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिला बदर करते हुए हापुड़ थाना सीमा में छोड़ दिया। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि नगर में दुर्गा कालोनी निवासी रिहान पुत्र बाबू पर थाने में गौ अधिनियम की धारा में तीन मुकदमे दर्ज हैं जिसमें उच्च अधिकारियों की उचित पैरवी के आदेश के बाद अपर जिला अधिकारी द्वारा गुंडा अधिनियम की वैधानिक कार्यवाही करते हुए जिला बदर का आदेश दिया है। आरोपी को हापुड़ क्षेत्र में छोड़ते हुए चार माह तक जिले में न आने के आदेश दिए है। इस कार्रवाई के बाद गोतस्कर हताश है।

# पीड़िता को आत्मनिर्भर बनाना ही मिशन शक्ति का असली मकसदः डीआईजी

**■ गूगल मीट के जरिये चारों जिलों के अधिकारियों से की सख्त समीक्षा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति फेज-5.0 पर रविवार को मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बड़ी समीक्षा की। गूगल मीट के जरिए मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के नोडल अधिकारियों और थाना स्तर पर बने मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारियों से उन्होंने सीधे बात की। डीआईजी ने साफ कहा कि मिशन शक्ति केंद्र में पहुंचने वाली हर पीड़िता को तब तक काउंसलिंग, मार्गदर्शन और सहयोग दिया जाए, जब तक वह मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त न हो जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों के व्यवहार को संवेदनशील और मददगार बनाने पर विशेष जोर दिया।



### हर केस को मिलेगा यूनिक नंबर

एंटी रोमियो स्क्वॉड सिर्फ औपचारिकता न करे, बल्कि स्कूल-कॉलेज, रामलीला मंच और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सक्रिय रहे। नवरात्र मेले और पंडालों पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह पुख्ता की जाए। डीजी परिपत्र-38/25 और एसओपी का अक्षरशः पालन अनिवार्य। मिशन शक्ति केंद्रों का नियमित रोस्टर और निरीक्षण हो। केंद्र प्रभारी की संस्तुति पर तुरंत एफआईआर दर्ज हो। महिला हेल्पलाइन और अन्य हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार हो।

### पंचायत से कॉलेज तक चलाया जाए जागरूकता अभियान

डीआईजी नैथानी ने पंचायत और वार्ड स्तर पर संयुक्त टीम बनाकर महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंपलेट और फोल्डर बांटे जाएं, वन स्टॉप सेंटर और नारी संरक्षण गृह का नियमित निरीक्षण हो। कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, आजीविका मिशन जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचे, इसके लिए महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्राम विकास, नगर विकास, परिवहन और जनसम्पर्क विभागों के बीच तालमेल मजबूत करने को कहा।

## बुलंदशहर पुलिस ने बरेली प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बुलंदशहर पुलिस पर पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह को जबरदस्ती उठाकर अनजान जगह पर ले जाने का आरोप लगाया है।

**■ संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह को नहीं छोड़ा, तो मानवाधिकार आयोग से करेंगे शिकायत**

सोशल साइट एक्स पर प्रेषित अपने मैसेज में उन्होंने कहा है कि देवेंद्र सिंह का उनके पास फोन आया जिन्होंने कहा कि कई गाड़ियों में भरकर बुलंदशहर की औरंगाबाद पुलिस में उन्हें रास्ते में रोक लिया और जबरदस्ती थाने पर ले गये। अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी सहित सभी अधिकारियों की प्रकरण को तत्काल दिखाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था। इसके बारे में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर नूतन ठाकुर द्वारा सभी सक्षम पदाधिकारी को लिखित में पत्र भेजा गया था। इसके बाद इस प्रकार से प्रति निधिमंडल के अध्यक्ष को जबरदस्ती उठाकर थाने ले जाया जाना स्पष्ट रूप से मानव अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस तत्काल देवेंद्र सिंह को नहीं छोड़ती है तो पार्टी इस मामले को मानवाधिकार आयोग के सामने ले जाएगी। और न्याय की मांग करेगी।

# मवाना क्षेत्र के गांव खेड़ी मनिहार में जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

### मृतका के मायके वालों ने पति व ससुरालियों पर जहर देकर हत्या करने की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी मनिहार में जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति व परिजनों के खिलाफ जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने इस मामले में तहरीर दी है। गाजियाबाद जनपद के ग्राम पतला निवासी पंकज पुत्र स्व. राम कृपाल ने बताया कि उसकी बहन मीनू की शादी 25 साल पहले संजीव पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम खेड़ी मनिहार के साथ हुई थी। मीनू के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति मीनू के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करता था। जिसमें उसके पति के साथ बहन गीता व बहनोई सत्यपाल देते थे। पूर्व में भी आरोपियों ने उसकी बहन की जान लेने की कोशिश की थी। गांव वालों व मायके वालों ने कई बार विवाद का समझौता कराया था।



रविवार को उन्हें पता चला कि मीनू को उक्त सभी ने मिलकर जहर खिलाकर मार डाला है। जब वे गांव में पहुंचे तो पता चला कि मीनू को मेरठ के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में पहुंचने पर वहां मीनू का शव पड़ा था और शव के पास कोई भी नहीं था। परि. जनों ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है।

## डीमोंटफोर्ट एकेडमी में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित

### कार्यक्रम में महिलाओं ने किया डांडिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में डांडिया रास और गरबा उत्सव मनाया गया। डांडिया नृत्य में महिलाओं ने बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया।

**■ शिवानी, रितु और जॉनी को मिला प्रथम पुरुस्कार**

इस अवसर पर कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों की माताओं द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके बाद अभिभावकों ने रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, गरबा, डांडिया और सोलो डांस जैसी विविध प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में गरबा में शिवानी, म्यूजिकल चेयर में रितु तथा सोलो डांस में जॉनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका डाक्टर गरिमा वर्मा ने भी माताओं के साथ मिलकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अभिभावकों और विद्यालय के बीच आपसी सहयोग तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को और प्रगाढ़ बनाते हैं। पूरा वातावरण संगीत, उमंग और उल्लास से सराबोर रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्य डाक्टर समीर वर्मा एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं रही।

# पुस्तकालय व स्मार्ट क्लास का हुआ निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा/परीक्षितगढ़।** क्षेत्र के गांव गाजीपुर वि. खं. परीक्षितगढ़ मवाना के प्राइमरी विद्यालय में एक पुस्तकालय एवं स्मार्ट क्लास का निर्माण गांव के प्रबुद्ध व्यक्तियों के सहयोग से किया गया। इसमें किसी भी सरक. ारी मदद का सहयोग नही लिया गया।

गांव की एक युवा टीम जिसका नेतृत्व डॉ. दीपक यादव व मोहित यादव द्वारा किया गया, एवं इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी अपने युवा साथी डॉ. सोनू यादव को दी गई। उनके निरिक्षण में इन दोनों कार्यो को पूर्ण कराने के बाद रविवार को शुभारंभ समरोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी मेरठ वीरेंद्र सिंह व सहायक विकास अधिकारी रामनरेश व विद्यालय के प्रधानाचार्य तैयब अली व गांव समाज के सभी वर्गों के व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वप्रथम जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गाजीपुर की युवा टीम ने जो साहसिक कार्य किया उसके लिए पूरा गांव बधाई का पात्र है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव के विकास में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। सहायक विकास अधिकारी रामनरेश ने घोषणा कि पुस्तकालय में 100 प्रतियोगिता की पुस्तकों की एक खेप जिला कार्यालय मेरठ से उपलब्ध करायी जाएगी एवं पूर्ण सहयोग गांव का किया जायेगा। कार्यक्रम में गांव के सभी बड़े बुजुर्ग युवा नौजवान साथी गजेंद्र यादव, आदेश यादव, नीरज, बिजेंद्र, उमेश यादव, निशांत यादव, मास्टर हीरालाल, मास्टर विकास, मास्टर शहजाद, ग्राम सचिव धर्मेंद्र आदि शामिल रहे।



## बरेली बवाल के बाद मेरठ में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बरेली प्रकरण में बरेलवी समुदाय के सर्वोच्च धार्मिक गुरु मौलाना तौकिर रजा की गिरफ्तारी के बाद जनपद में प्रशासन, पुलिस और खुफिया सेवाए हाई अलर्ट पर हैं। माना जाता है कि जनपद में कुल मुस्लिम आबादी में लगभग 20 फीसदी बरेलवी समुदाय के हैं। आम तोर पर यह फिरका शांतिपूर्ण ही माना जाता है लेकिन बरेली बवाल के बाद प्रशासन कोई भी जोखिम लेने को तैयार नहीं है। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। खुफिया सेवाए अपने-अपने स्तर से सतत् निगरानी बनाए हुए हैं। जनपद से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। प्रशासन पल-पल की घटना पर नजर रखे हुए है। सूत्रों की मानें तो शासन स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। और केंद्र सरकार से भी जानकारी साझा की जा रही है।

# छत के रास्ते कुंबल कर दुकान में लाखों की चोरी

### नगर के सुभाष चौक के पास चोरी की वारदात, व्यापारियों ने लगाया सड़क पर जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के सुभाष चौक पर चोरों ने हार्डवेयर की दुकान में छत से कुंबल कर लाखों की चोरी को अंजाम दे डाला। चोरों ने दुकान में रखी 80 हजार की नगदी व लाखों की ज्वैलरी चोरी कर ली। पुलिस के देरी से पहुंचने पर आक्रोशित व्यापारियों ने सड़क पर बाइकें खड़ी कर जाम लगा दिया। उसके बाद सीओ मवाना थाना पुलिस के साथ पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।





नगर के सुभाष चौक के पास पंजाब नेशनल बैंक के सामने श्रेय हार्डवेयर की दुकान है। व्यापारी मलय कौशिक ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला। दुकान के अंदर सेफ रखी थी, जिसमें करीब साढ़े चार लाख के सोने के जेवरात रखे थे। इसके अलावा करीब 80 हजार रुपए की नगदी थी। चोरों ने पास के कांप्लेंस की छत से उतरे और उनकी छत में कुंबल कर नगदी व जेवरात चोरी की घटना की अंजाम दिया है। चोरी की जानकारी मिलने पर मवाना नगर के व्यापारियों का जमावड़ा उनकी दुकान पर लग गया। व्यापारी का आरोप है कि सूचना दिए जाने के बाद भी काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची। गुस्साएं व्यापारियों ने सड़क पर बाइकें खड़ी कर रोड जाम कर दिया। उसके बाद सीओ मवाना, इंस्पेक्टर मवाना सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यापारी से घटना के बारे में जानकारी ली। उसके बाद व्यापारियों ने बाइकें हटाकर जाम खोल दिया। व्यापारी के पुत्र श्रेय कौशिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# ब्रिक्स प्रतियोगिता में मेरठ के प्रोफेसरों ने जीते पुरस्कार

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुभारती के दो प्रोफेसरों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न शैक्षणिक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों ने चीन में आयोजित प्रतिष्ठित ब्रिक्स प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतकर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।





सुभारती विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों डॉ. मनोज कपिल व डॉ. निखिल राठी को यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान चीन के एक्सियामेन शहर में आयोजित ब्रिक्स औद्योगिक नवाचार प्रतियोगिता-2025 के फाइनल में मिला है। बता दें की सुभारती विश्व. विद्यालय के दोनों प्रोफेसरों के प्रोजेक्ट देशभर से चुने गए उन नौ प्रोजेक्ट्स में शामिल हैं जिन्हें चीन, ब्राजील, रूस, यूएई, ईरान, इंडोनेशिया, मलेशिया सहित विश्व के कई देशों से प्राप्त 1396 प्रोजेक्ट्स में से एक कठिन परीक्षण एवं प्रक्रिया के उपरांत फाइनल में विश्व के सर्वश्रेष्ठ डेढ़ सौ प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में सुभारती विवि के इंजी. नियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के प्राचार्य एवं डीन डॉ. मनोज कपिल को उत्कृष्ट परियोजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. निखिल राठी को औद्योगिक डिजाइन श्रेणी में पुरस्कार मिला। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय समावेशी और सतत औद्योगीकरण की ओर ब्रिक्स सहयोग की संभावनाओं को उजागर करना था, जिसमें अभिनव ब्रिक्स और हरित ब्रिक्स पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रतियोगिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित उद्योग, कम ऊंचाई वाले उपकरण, ऊर्जा इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक डिजाइन जैसे पांच प्रमुख ट्रैक शामिल थे। स्वामी विवेक. ानंद सुभारती विश्वविद्यालय के इन प्रोफेसर्स की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है बल्कि इसने पूरे देश में जनपद को एक नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। अपने प्रोफेसर्स की इस उपलब्धि पर सुभारती विश्वविद्यालय के साथ साथ समूचा मेरठ गौरव महसूस कर रहा है।

## हिंदू संगठित होगा तभी देश आगे बढ़ेगाः डॉ. हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव नैडू स्थित जूनियर हाई स्कूल में आयोजित शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य अतिथि से प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश के डॉ. हरीश रौतेला ने कहा कि जब तक हिंदू संगठित नहीं होगा तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता। संघ का शताब्दी वर्ष इस बार के दशहरा पर्व से अगले वर्ष के दशहरे पर्व तक एक लाख शाखाओं के साथ समाज के बीच पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। समाज में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए संघ द्वारा सामाजिक समरसता, कुटुब नागरिक कर्तव्यों का पालन पर्यावरण संरक्षण है संघ की कोशिश है कि समाज इन परिवर्तनों की आवश्यकता को समझे तथा खुद बदलाव लाने की और आगे बढ़े। कार्यक्रम में दर्जनों लोग रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारम्भ से वर्तमान तक की विकास यात्रा पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को कस्बे के काले सिंह मंदिर परिसर में आयोजित शताब्दी वर्ष विजय दशमी संचलन के तत्वाधान में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री अरुण कुमार ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारम्भ से वर्तमान तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी की उद्देश्य, सोच एवं रीति नीति पूर्णतया राष्ट्रीय सोच पर आधारित थी। डॉ. साहब हिंदुओं का एक ऐसा राष्ट्रीय संगठन चाहते थे जो समय आने पर एक दूसरे की, समाज की तथा राष्ट्र की सहायता करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जो कि निरंतर बढ़ रहा है, पुष्पित पल्लवित हो रहा है। अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से आज हमारे राष्ट्र और समाज के प्रत्येक अंग की सेवा कर रहा है। अब लोगों को जाति और पथ सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह संघचालक डॉ. सुशील ने तथा अध्यक्षता खंड सह संघचालक यशपाल रहे। चेयरमैन अशोक सैनी, प्रदीप बिश्नोई, व्यवस्था प्रमुख हरपाल सिंह, महेश अग्रवाल, डॉ. प्रमोद, प्रधानाचार्य सुबोध सिंह, विजय, विवेक सैनी, देवा पाल, विकास पाल, भास्कर अग्रवाल आदि रहे।



# विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के तोपखाना स्थित कैंप कार्यालय पर पहुँचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी को अनिवार्य रूप से थोपे जाने के विरोध में दिया गया। संघ ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट कहा कि निशुल्क शिक्षा एवं बाल अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 उप धारा 2 के तहत स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की शर्त लागू नहीं होती। जबकि 29 जुलाई 2011 के बाद नियुक्त सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से टीईटी के माध्यम से ही भर्ती हुए हैं इसी प्रकार समय-समय पर जिस स्तर पर भर्तियां



निकली और जो अहर्ताएं रखी गई सरकार के द्वारा सभी अहर्ताओं को पूर्ण करते हुए ही शिक्षकों ने अपनी नियुक्तियां प्राप्त की है।

हाल ही में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या एवं उससे फैली भ्रांतियों के चलते शिक्षक समाज में गहरी बेचौनी और आक्रोश व्याप्त है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शिक्षक अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं तथा कई शिक्षक असमय काल के गाल में समा गए हैं।

इस निर्णय की आड़ में पूर्व नियुक्त शिक्षकों को परेशान करना न केवल न्याय के विरुद्ध है बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी अस्थिर करेगा। संघ ने मांग रखी कि सरकार स्पष्ट आदेश जारी कर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करे, जिससे शिक्षकों में व्याप्त असमंजस की स्थिति समाप्त हो सके। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ा हूँ और हम लगातार शिक्षकों के इस मुद्दे को विभिन्न माध्यमों से रख रहे हैं और आने वाले संसद सत्र में भी इस मुददे को प्रधानमंत्री भारत सरकार के समक्ष मजबूती के साथ रखने का काम किया जाएगा तथा संसद सत्र में भी शिक्षकों की आवाज को मजबूती से रखूँगा और आपका पक्ष सरकार तक पहुँचाऊंगा।

सांसद जी ने कहा कि शिक्षक समाज देश की रीढ़ है और उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर संघर्षरत रहेंगे।

इस मौके पर प्रेम सिंह चौहान जिला अध्यक्ष ,चरन सिंह जिला मंत्री, डॉ सरफराज अहमद, नरेंद्र सैनी ,विपिन कुमार, सौरभ शर्मा प्रसन्न प्रकाश सलोनी लोचन ,किरण शर्मा , तरुण पांडे ,महेंद्र कुमार, राकेश कुमार गंग. वार ,होमेंद्र देव ,प्रताप सिंह गंगवार ,परवेज अहमद, राम किशोर, नदीम अहमद,सलीम ,डॉ एहसान खां, नरेश कुमार ,अफरोज मियां, अशोक रावत, लक्ष्मण सिंह, जबर सिंह,सरदार राजेंद्र सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# हापुड़ में विधायक शफीक अंसारी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** जिला हापुड़ में अपना दल एस के एक प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुऐ विधायक शफीक अहमद अंसारी जनपद हापुड़ में अपना दल एस का एक प्रोग्राम हुआ जिसमे विधायक शफीक अहमद अंसारी अपने लश्कर के साथ पहुँचे हापुड़ पहुंचने पर जनपद हापुड़ के अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।

हापुड़ के जिला अध्यक्ष आदेश त्यागी व रेखा वर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बुके एवं विधायक जी की फोटो भेंट की हापुड़ में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं में अलग ही उत्साह देखने को मिला और कार्यकर्ताओं में अलग ही जोश भर गया विधायक जी का काफिला



जैसे ही हापुड़ पहुंचा लोगो ने नारों के साथ स्वागत किया उन्होंने ने कहा की बहन जी अनुप्रिया पटेल ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसको में पूरी तरह से निभाऊँगा और अपना दल एस के हाथों को मजबूत करूंगा। हम सबका एक ही मकसद है आने वाले समय में अनुप्रिया पटेल जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना। प्रोग्राम में जिला अध्यक्ष हापुड़ आदेश त्यागी रेखा वर्मा जाकिउल नासिर डॉ समी तल्हा खान एवं काफी संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता व मीडिया प्रभारी इदरीस खा शामिल रहे।

# बंद पड़े चकरोड को लेखपाल ने जेसीबी से खुलवाया



**महाभारत काल के प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम के पूर्व द्वार पर था कब्जा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में स्थित महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर चल रहा गुरुकुल के संस्थापक आचार्य विवेक वशिष्ठ ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर अवगत कराया गया था कि माता बेला भवानी मंदिर के पूर्व द्वार का चक रोड काफी लंबे समय से बंद पड़ा हुआ था। उच्चाधिकारियों ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बीते शनिवार की देर शाम उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार लेखपाल राहुल कुमार ने मौके पर पहुंच कर जे सी बी द्वारा रास्ता साफ कराकर खुलवाया गया। जबकि यह रास्ता माता बेला भवानी मंदिर तक का मुख्य रास्ता होगा।

# नीमा के शिविर में दो सौ अधिक मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण

**डा. सिमरनदीप कौर की स्मृति में ग्राम मनकरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मरीजों को निशुल्क बांटी गई दवाएं**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कोरोनाकाल में अपनी जान गंवाने वाली डॉक्टर सिमरनदीप कौर चढ्ढा की स्मृति में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) द्वारा चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। रविवार को आयोजित शिविर का उद्घाटन संत भाई जी बाबा हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ गुरजीत सिंह चढ्ढा और राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में नीमा अध्यक्ष डॉ मोहम्मद काशिफ,डॉ मोहम्मद अब्दुल सलाम, डॉ मशकूर हसन, डॉ हिमांशु अनेजा, डॉ दीपांशु गुप्ता, डॉ बृजेश, डॉ मोहम्मद आजम, डॉ पुष्पेंद्र आदि ने दो सौ से अधिक मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। नीमा से जुड़े चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वस्थ्य रहने और बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए। फ्री मेडीकल कैंप में



बुखार, खांसी, शरीर में दर्द, नेत्र रोग के अलावा कार्डियोलॉजी, डायबिटीज, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रो, ऑर्थोपेडिक, न्यूरो, स्त्री रोग आदि से संबंधित मरीज पहुंचे। ग्रामीणों ने परीक्षण के बाद निशुल्क दवाएं हासिल कर नीमा और ग्राम प्रधान सना काशिफ का आभार व्यक्त किया। शिविर में ग्राम प्रधान सना काशिफ, फिरोज खां, सलीम अल्वी, शहजान खां, मुनीर अहमद, सरदार विक्रमजीत सिंह विक्की, शाकिर मलिक, गुलाम नबी, मोहम्मद नाजिम ने सहयोग प्रदान किया।

# मझराघाट में कुपोषण की रोकथाम के लिए किया गया टीकाकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझराघाट में कुपोषण से बचने के लिए किया।

टीकाकरण मिली जानकारी अनुसार मझराघाट गांव में डॉक्टर आशिफ कुरैशी ने आंगनबाड़ी व आशाओं की मदद से होने वाले कुपोषण की बीमारी की रोकथाम हेतु बच्चों का टीकाकरण कर बच्चों का वजन भी किया गया। वहीं डॉक्टर आशिफ कुरैशी ने ग्रामवासियों से साफ-सफाई आदि रखने का विशेष ध्यान रखने की अपील की जिसमें आशा, आंगनवाड़ी व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# गुरु तेगबहादुर साहिब के 350 साल शहीदी दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहीदों के सरताज गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शहीदी को समर्पित रक्तदान शिविर ,गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा प्रबंधक कमेटी और गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से दिनांक 28 सितम्बर को भाई जी बाबा चौरिटेबल हॉस्पिटल रामपुर में लगाया गया । रक्तदान शि. विर का शुभारंभ सीएमओ डॉ दीपा सिंह ने किया।

इस मौके पर सीएमओ डॉ दीपा सिंह ने कहा कि आज गुरुनानक वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया जिसमें लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है उन्होंने कहा कि जनता के लिये ये हित की चीज है कि इन्होंने ने हॉस्पिटल भी शुरू किया है जो चौरिटेबल हॉस्पिटल है जिससे



गरीब जनता को किफायती दरों पर इलाज मिल सकेगा सीएमओ ने कहा कि यह मानव सेवा के लिए बहुत अच्छा है

इस मौके पर संत भाई जी बाबा गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार दर्शन सिंह खुराना ने कहा कि आज गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से यह रक्तदान शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब की सेवा सबसे उत्तम सेवा है उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है उन्होंने कहा एक यूनिट से दो व्यक्तियों की जान बच सकती है



गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी के ब्लड बैंक प्रभारी सरदार मनदीप सिंह ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 साल शहीदी दिवस पर इस रक्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि ब्लड डोनेशन का कार्य हमारी संस्था रेगुलर बेसिस भी करती रहती है आज 40 से अधिक दानी सज्जनों ने रक्तदान कर इस रक्तदान शिविर में भाग लिया। यह रक्तदान शिविर मुख्य तौर पर थैलेसीमिया और प्लास्टिक एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पेशेंट के लिए करवाया गया है इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी से दर्शन सिंह खुराना और उनके साथी एवं गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष निरवैर सिंह , ब्लड डिपार्टमेंट टीम हेड मनदीप सिंह, रौनक, लक्की अमरदीप सिंह, सोनू आदि मौजूद रहे ।

# रामपुर में हुआ अखिल भारतीय कल्याण महासभा का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को शहर स्थित सां. वरिया फार्म मे अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वाधान मे संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह लोधी ने जिले की कार्यकारणी की घोषणा की एवं सभी नव नियुक्त पदाधिकारीगण को मनोनयन पत्र वितरित किये।

इस अवसर पर पूर्व सांसद घनश्याम लोधी जी ने कहा संगठन की इन नियुक्ति से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा।

प्रदेश महामन्त्री पूरन लाल लोधी ने कहा कि समाज के सभी लोग अपने बच्चो को शिश्रित बनाएं। बरखेड़ा विधायक प्रवतानन्द महाराज ने भी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आगामी लिस्तरीय पंचायत चुनाव मे सभी से अपील की कि आपस मे सामंजस्य बनाकर चुनाव



लड़े एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में चुनाव जीतकर आये।

सुरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम मे आये समस्त अतिथियों व क्षेत्र से आये समस्त बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विधायक डिवाई सी.पी. सिंह लोधी, विधायक स्थाना देवेन्द्र लोधी, प्रदेश संगठन मन्त्री चन्द्रपाल खडकवंशी, प्रदेश महामन्त्री दिनेश लोधी रहे।

कार्यक्रम का संचालन हरपाल लोधी ने किया। इस कार्यक्रम ने लोधी समाज मे एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी ने मिलकर समाज की एकता और प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# छठे नवरात्रि पर्व पर भक्तों ने माता कात्यायनी की पूजा कर रखा उपवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर सहित नवरात्रि के छठे दिन माता कात्यायनी की भक्तों ने की पूजा अर्चना कर रखा उपवास तथा नगर के मंदिरों में माता कात्यायनी की पूजा करने हेतू भक्तों की लगी भीड़।

बताते चले कि छठी नवरात्रि में भक्तों ने माता कात्यायनी की पूजा अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया माना जाता है कि माता कात्यायनी की उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ धर्म काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है उसके रोग शोक संताप और भय नष्ट हो जाते है। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते है। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना कर कठिन तपस्या की उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो मां



भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए देवी कात्यायनी कहलाई इनका गुण शोधकार्य है इसलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे हो जाते है मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है। भगवान श्री कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी।

यह पूजा कालिंदी यमुना तट पर की गई थी इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है ये स्वर्ण के समान चमकीली है और भास्वर है इनकी चार भुजाएं है ।दाई तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में है मां के बाई तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है इनका वाहन भी सिंह है इस देवी की उपासना करने से परमपद की प्राप्ति होती है।

# साधु बनकर आया रावण सीता हरण कर ले गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में रविवार सीता हरण, सबरी मिलन, सुग्रीव राम मित्रता, बाली वध आदि का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया।

दिखाया गया कि सोने का हिरण देख सीता जी ने उसे पाने की जिद की। भगवान राम ने हिरण का पीछा किया। माया रुपी हिरण भगवान राम को जंगल की ओर दूर लेकर चला गया! हाय राम, हाय राम की आवाज सुन सीता जी परेशान हो गई। कहा की मेरे राम संकट में हैं, उनकी मदद के लिए लक्ष्मण को भेजा।

लक्ष्मण ने जाते समय कुटिया के चारों ओर तीर से रेखा खींच दी और उन्हें रेखा के पार न जाने के लिए



कहा।

लक्ष्मण के जाते ही रावण साधु के वेश में पहुंचा और भिक्षा मांगने के बहाने उनका हरण कर लिया। दर्शक मनमोहक लीला देख भावुक हो गए।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, राहुल शर्मा, जगन सिंह लोधी, विशाल शर्मा, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, मिंटू गुप्ता, ओपी सक्सेना, सचिन सिंह, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का विजय दशमी पर भव्य पथ संचलन, शताब्दी वर्ष में दिखी एकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी पर अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मिलक में भव्य पथ संचलन आयोजित किया सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर मेन रोड से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में समापन हुआ पथ संचलन में सेंकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। पथ संचलन का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

कार्यक्रम को जिला प्रचारक प्रमोद जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित



किया। यह पथ संचलन संघ के 100 वर्षों की राष्ट्रसेवा और हिंदू समाज की एकजुटता का प्रतीक है। तथा संघ के 100 वर्ष के कार्यो पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में राम अवतार पांडेय, प्रिंस गुप्ता, आनंद पाल सिंह, राम भरोसे लाल गंगवार कौशिक शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, हरिओम अग्रवाल, अजय कुमार, कमल शर्मा, बेभव, चित्रांश, प्रशान्त गंगवार, सनी, केतन, अरविंद गोस्वामी, अभिषेक गंगवार।

# भगवान वाल्मीकि जी प्रकट उत्सव की छुट्टी की घोषणा पर भावाधस ने मिठाई वितरित की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का किया आभार प्रकट

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद के सभागार में एकत्र हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रदेश सरकार के मुखिया आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भावाधस की मांग पर प्रदेश में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट किया भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर अवकाश कर समाज को सम्मान दिया वाल्मीकि समाज उनका बहुत बहुत आभारी रहेगा इस मौके पर कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, सर्वेश चौधरी, प्रदीप राजहंस, शौरव वाल्मीकि, अरुण, राजन, सचिन, हरकिशोर, मनीष, जीतू, अंकित, राजा, प्रिंन्स आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने जनता दरबार लगाकर सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का लोगों को आश्वासन दिया।

मौलाना असलम जावेद कासमी की अहलिया के इंतकाल हो जाने पर उनके घर जाकर अहलिया की मगफिरत की दुआ की।

गांव नगलिया अकिल में हाजी मुस्ताक प्रधान के पोते शाकिब का इंतकाल हो जाने पर सांसद नदवी साकिब के दफन में शामिल होकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मारखेड़ा क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद सरकडी सैद नगर क्षेत्र के लालपुर का माजरा रुद्रपुर कनपुर मुनीमपुर में इंतकाल हो जाने पर दफनों में शामिल होकर मरहूमों के लिए मगफिरत की दुआएं



की।

इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट, नगर पालि. का शाहबाद के प्रतिनिधि नसीम मियां, बिलासपुर नगर पालिका के प्रतिनिधि अतर अली खान, शहर नगर पालिका के प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल सलाम, बदन सिंह यादव, जुबेर अहमद, अनस खान, शोएब किंग, डॉक्टर ओवैस खान, जमील सैफी, हाफिज नूरी, आसिफ अली, डॉक्टर मकतब अहमद, अय्यूब हाजी, अरशद अली, एडवोकेट नासिर शेख, नरेश यादव, सैफ, सगीर अहमद, तस्लीम पहलवान आदि लोग उपस्थित रहें।

# श्रीरामलीला महोत्सवः भक्ति, कला और संस्कृति का अद्भुत संगम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड भक्ति, कला और संस्कृति के रंगों से सराबोर हो उठा। मानो अयोध्या की पावन धरती ही रामपुर में उतर आई हो। श्रद्धा और उत्साह की ऐसी छटा बिखरी कि हर दर्शक देर रात तक वहां से हटने को तैयार ही नहीं था।

सुबह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की रास और निकुंज लीलाओं से हुआ। बालकृष्ण की माखन चोरी की नटखट अदाओं ने बच्चों को ठहाकों से भर दिया, वहीं बुजुर्ग भक्ति भाव में डूबकर भाव-विभोर हो उठे। माहौल इतना जीवंत हो गया कि हर किसी को लगा मानो वे स्वयं वृंदावन की गलियों में विचरण कर रहे हों।

रात का भव्य मंचन शाम ढलते ही रामलीला मैदान दैदीप्यमान रोशनी, भजनों और मंत्रोच्चार से जगमगाने लगा। रात 8:30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और बालि वध, मायावी की कथा, सीता जी की खोज, संपाती मिलन और लंका दहन जैसे प्रसंगों को इतने जीवंत अंदाज में प्रस्तुत किया कि दर्शकों की आंखें भर आईं।

हर दृश्य पर "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों और तालियों की गूंज ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

सम्मान और गरिमा आयोजन के दौरान लक्ष्मी नारायण गुप्ता, एसके गुप्ता और शलभ राज गुप्ता को समिति द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की अगुवाई में अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और ऊंचा कर दिया।

आज का मंचन केवल रामकथा का दृश्य नहीं था, बल्कि पूरे नगर के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा संगम हुआ जिसने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ दी। यह महोत्सव अब सिर्फ धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार गर्ग, सह अध्यक्ष सुनील कुमार गोयल (सोनी ताऊ), सुभाष चन्द्र अग्रवाल (ठेकेदार), ईश्वर सरन अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता (ठेकेदार), वेद प्रकाश वर्मा, अरविन्द कुमार अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल (एड.), डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, राम प्रताप सर्राफ, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, विनीत कुमार अग्रवाल, शान्ति शरण राठौड़, हरिओम गुप्ता, मनोज कुमार अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, रविन्द्र कुमार मिश्रा, संजय अग्रवाल और डॉ. सुमित कुमार गोयल समेत कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने जारी किए आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर में पिछले दिनों कुत्तों के काटने के कई मामले प्रकाश में आए थे, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश और भय का माहौल बन गया था, इस समस्या को देखते हुए सभासदों ने रविवार को पालिक. ाध्यक्ष के आवास स्थित केम्प कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन देकर कुत्तों को पकड़वाने की मांग की।जनहित की मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज ने तत्काल ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों व् प्रधान लिपिक धनीराम को बुला कर आवारा कुत्तों को पकड़ने के अभियान के निर्देश जारी किए। अध्यक्ष ने कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है कि नगर के सभी



मोहल्लों और मुख्य स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए, ताकि नगर की जनता को राहत मिल सके, जनता ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही नगर में चल रही इस बड़ी समस्या से छुटकारा मिलेगा और लोग बिना डर के सामान्य जीवन व्यतीत कर पाएंगे।

अध्यक्षा पति/प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने कहा कि जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है और जनता की समस्याओं को हल करना हमारा पहला कर्तव्य है।

इस अवसर पर सभासद शफीक अहमद, तस्लीम अहमद,मतलूब मुन्ना, मतीन कुरैशी, मोहम्मद जकी, सभासद पुत्र शुएब आलम, सभासद पति अफसर अली आदि मौजूद रहे।

# अनाधिकृत रूप से संचालित व ओवरलोड में 22 वाहन सीज

**■ अनधिकृत रूप से संच. ालित व ओवरलोड में 22 वाहन सीज**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की कार्रवाई की गयी।

यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा ने बताया कि यह अभियान टांडा-स्वार रोड, मिलक-केमरी रोड, मंडी चौक से खोद तक तथा कोसी नदी से शहजाद नगर हाइवे मार्ग पर अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाया गया, जिसके अंतर्गत 02 बसों पर कार्रवाई की गयी। इसके अतिरिक्त जिन ऑटो व टेम्पो के फिटनेस, परमिट आदि समाप्त हो जाने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे ऐसे 12 वाहनों और 08 ओवरलोड खनन वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई की गयी।

यात्रीकर अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार इन सभी 22 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में सीज किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रवर्तन कार्रवाई में परिवहन विभाग को लगभग 06 लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति होगी।

# विभिन्न खाद्य पदार्थों के 13 विधिक नमूने और दो सर्विलांस नमूने जांच को प्रयोगशाला भेजे गए

**■ पुराने आलू को रसायन से नया आलू बनाने की रोकथाम हेतु कोल्ड स्टोरेज पर की गयी छापेमारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षितश खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु 27 व 28 सितम्बर को सहायक आयुक्त (खाद्य)11/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

इस विशेष छापामार अभियान में स्टेशन रोड स्थित सीताराम किराना के पुनीत कुमार से साबूदाना पापड़ और बादाम का 01-01 नमूना, मैसर्स सरन सिंह एण्ड सन्स के जगजीत सिंह से साबूदाना और मूंगफली दाना का 01-01 नमूना लिया गया।

गंगापुर कदीम स्थित मोहम्मद यामीन पुत्र नदी जान से भुना चना और सोनपापड़ी का 01-01 नमूना लिया गया। केमरी स्थित अफसर अली की दुकान से काजू और किशमिश का 01-01 नमूना, नदीम किराना के मोहम्मद रिजवान से किशमिश का 01 नमूना लिया गया।

किले के पास स्थित नब्बू अली पुत्र बब्बू अली की दुकान से सरसों का तेल और घी का 01-01 नमूना लिया गया। नसरुल्ला खां बाजार स्थित फूल ताज डेरी के मसूद अहमद से पनीर का 01 नमूना, राशिद खान पुत्र हाफिज अहमद की दुकान से घी का 01 नमूना लिया गया।



पुराने आलू को हानिकारक रसायन का प्रयोग कर आलू के छिलको को पतला कर नया आलू बनाने की रोकथाम हेतु जनता कोल्ड स्टोरेज, ज्वाला कोल्ड स्टोरेज, आलू के थोक विक्रेता न्यू हिन्दुस्तान ट्रेडर्स, कदीर एण्ड सन्स् के यहां आलू की जांच की गयी और आलू के 02 सर्विलांस नमूना जांच हेतु लिया गया।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 13 विधिक नमूनें और 02 सर्विलांस नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे।

सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

# सीता हरण की लीला के मंचन ने दर्शकों ने मंत्रमुग्ध किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर के रामलीला ग्राउंड में रामलीला में शनिवार रात संत दर्शन, पंचवटी निवास, सूर्पनखा अंग भंग, खर दूषण वध और सीता हरण की लीला दिखाई गई। कलाकारों ने अपने पात्र को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। उससे पूर्व लीला में पहुंचे राज्यसभा सांसद नरेश बंसल का समिति के द्वारा स्वागत किया गया। श्री सनातन धर्म सभा की ओर से आयोजित 62वें महोत्सव के दसवें दिन की शुरुआत आरती के साथ हुई। रामलीला में वृंदावन से आए कलाकारों ने रामायण के विभिन्न दृश्यों को दर्शाया। पंचवटी में सूर्पनखा का शानदार मंचन कलाकारों ने किया। इसके बाद खर दूषण वध, रावण मारीच संवाद और सीता हरण की लीला दिखाई गई।

इस अवसर पर प्रिंस गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा, डॉक्टर, डीके अग्रवाल, भुवनेश भार्गव, राजू गुप्ता, हरिओम रस्तोगी, विशाल गुप्ता, अनूप गुप्ता, रुद्रपाल सिंह चौहान, अजय मौर्या, सतीश रुहेला,हरिशंकर गुप्ता, सर्वेश अग्रवाल, विकास रुहेला,संदीप अग्रवाल आदि रहे।

# सुरेश बने लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

**■ लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सुरेश बाबू प्रजापति को नियुक्ति पत्र देते प्रदेश अध्यक्ष अरूण गोयल। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लघु उद्योग व्यापार मंडल की बैठक मुहल्ला छिपियान स्थित सुरेश बाबू प्रजापति के आवास की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरूण गोयाल ने सुरेश बाबू प्रजापति को नियुक्त पत्र देकर जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर रामपुर में संगठन मजबूत होगा। व्यापार संबधित समस्याओं को अधिकारियों के बीच रखकर समस्याओं को दूर किया जाएगा।

उन्होंने जल्द ही जनपद में संगठन का विस्तार किया जाएगा। सभी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री मुरादाबाद छत्रपाल शर्मा, सुनील कुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रामचंद्र प्रजापति, अशोक राठौर, विपिन खंडेलवाल, शेखर यादव, सनी पाल, आरिफ, धर्मवीर सिंह, सुमित कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार, अरूण कीर्ति सरन, नितिन, राजकुमार उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र और मुस्लिम हिस्सेदारी : घटते प्रतिनिधित्व पर बढ़ती चिंताएं

**शाह टाइम्स**

**मेरठ।** भारत का लोकतंत्र अपनी विविधता और बहुलता के लिए जाना जाता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह सवाल लगातार गूंज रहा है कि क्या सभी समुदायों को बराबर की हिस्सेदारी मिल पा रही है? खासतौर पर मुस्लिम समाज, जिसकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का लगभग 14.2 फीसदी है, उसके राजनीतिक प्रतिनिधित्व में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

## मुसलमान को राजनीतिक हाशिए पर धकेला जाना

चंद रोज पहले तक कौन सोच सकता था कि सिर्फ 'आई लव मुहम्मद' लिखना या बोलना एक अपराध बना दिया जाएगा। इतना बड़ा कि सैकड़ों लोगों पर एफआईआर दर्ज हो जाए, दर्जनों गिरफ्तार कर लिए जाएं और घरों पर बुलडोजर चल जाए। यह स्थिति न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रश्न चिन्ह है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि किस तरह मुस्लिम समाज को राजनीतिक और सामा. जिक स्तर पर हाशिए पर धकेला जा रहा है। सच यह भी है कि मुसलमानों का उत्पीड़न कभी भी संसदीय विपक्ष के लिए गंभीर राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया। आज भी नहीं।

देश के चुनावी नक्शे को इस तरह मैनेज कर दिया गया है कि मुस्लिम कैंडिडेट्स की जीत की गुंजाइश बेहद कम रह गई है। जिन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार जीत सकते हैं, वहां सेक्युलर दल अपने 'प्रॉक्सी' चेहरे खड़े कर देते हैं। मुस्लिम समाज के सामने उन्हें वोट देना



शाहवेज अंसारी

'फर्ज' बना दिया जाता है लेकिन असल में सत्ता की संरचना में मुसलमानों की हिस्सेदारी घटती ही जा रही है। आंकड़े गवाही देते हैं तथ्य यह है कि 1980 में मुस्लिम सांसदों की संख्या 49 थी (9.26 प्रतिशत), लेकिन 2024 में यह घटकर सिर्फ 25 रह गई (4.6 प्रतिशत)। यानी मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ी, लेकिन उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी आधी से भी कम हो गई।

## लोकतंत्र के लिए सवाल

भारत की संसद अगर देश की असली तस्वीर है तो उसमें 14 फीसदी आबादी का सिर्फ 4.5 फीसदी प्रतिनिधित्व क्यों?

## क्या लोकतंत्र में यह असमानता उचित है?

क्या यह संकेत नहीं देता कि लोकतंत्र धीरे-धीरे 'संख्यात्मक' लोकतंत्र बनता जा रहा है, जहां बहुमत ही सब कुछ तय करता है और अल्पसंख्यक लगातार हाशिए पर जाते हैं?

मुस्लिम समाज को 'मुद्दा' बनाने के बजाय 'साझेदार' बनाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र तभी स्वस्थ और मजबूत हो सकता है जब उसमें हर वर्ग और हर समुदाय की भागीदारी बराबर की हो।

आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम लोकतंत्र को सिर्फ चुनाव जीतने का खेल बनाना चाहते हैं या सचमुच उसे 'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा' बनाए रखना चाहते हैं?

## युवाओं को भी समझनी होंगी जिम्मेदारी

देश के हालात को देखते हुए इस समय अल्पसंख्यक समाज के युवाओं को बड़ी ही समझदारी से काम लेना होगा। उन्हें राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियां को समझना होगा। कई बार आक्रोश में लिए गए फैसले भविष्य के लिए अंधकार का सबक बन जाते हैं। ऐसा ही मौजूदा वक्त में राजनीतिक लोग धार्मिक मुद्दों को अपनी ढाल बनाकर मुसलमान की सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी को और भी नीचे की तरफ ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में देश के युवाओं को भी इस पर ध्यान देना होगा कि क्या काम करने से उनका फायदा हो सकता है और किन चीजों से बच कर वे अपने समाज का भला कर सकते है, क्योंकि इस समय फायदे से ज्यादा नुकसान से बचने की ज्यादा जरूरत है और यही रणनीति भविष्य में मुसलमानों की सामा. जिक व राजनीतिक स्थिति को मजबूत बना सकती है।

**-शाहवेज अंसारी**

**( लेखक के निजी विचार )**

# लक्ष्मण ने काटे सुर्पणखा के नाक-कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रही रामलीला कमेटी के तत्वाधान में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता सहित पंचवटी पहुंचे जहां वन में कुटी बनाकर रहने लगे। लंका पति रावण की बहन सुपर्णखा राम लक्ष्मण को देखकर उन पर मोहित हो जाती है और उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है। जब राम लक्ष्मण इस प्रस्ताव को नहीं मानते तो सुपर्णखा सीता पर प्रहार करती है जिससे क्रोधित होकर लक्ष्मण उसके नाक कान काट देते हैं और वह खर दूषण के पास जाती है। दोनों राम और लक्षण से युद्ध करते करते मारे जाते हैं। रामलीला मंचन से पूर्व भाजपा नेता सचिन अग्रवाल एवं आकाश गुप्ता ने भगवान श्री राम लक्ष्मण का तिलक किया। कमेटी के महासचिव श्याम दत्त शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी सहयोगी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन विष्णु अवतार रूहेला ने किया। आयोजन में पुलिस प्रशासन भी पूर्ण सहयोग मिला। इस अवसर पर रामलीला आयोजन कमेटी



अध्यक्ष विकल नागर, महेश त्यागी, रामअवतार नागर, भरत अग्रवाल, महावीर गुप्ता, अभिषेक गर्ग, सुनील शर्मा, भूरे, राहुल शर्मा, अनिल रुहेला आदि उपस्थित रहे।

# आत्म मंथन से मन में व्याप्त कुरीतियों को करें दूरः सुदीक्षा जी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस विविधताओं से भरे संसार में जहां मानवता अनेक रूपों, भाषाओं, संस्कृतियों, जातियों और धर्मों में विभाजित दिखाई देती है, वहीं एक शाश्वत सत्य है जो हम सभी को एक अटूट सूत्र में पिरोता है। हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर अनके रूपों में आकर प्रेम, करुणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते है। हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए, संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् 'समस्त संसार एक परिवार' की दिव्य भावना को जीवन्त कर रहा है।

# परीक्षितगढ़ में चला रालोद का सदस्यता अभियान, सैकड़ों लोग हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** परीक्षितगढ़ नगर में रालोद ने वसीम खान के आवास पर सदस्य अभियान चलाया जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र भाटी ने की। इस अभियान के दौरान जिला अध्यक्ष मतलब गौड़ सहित रालोद के कई नेता मौजूद रहे। इस दौरान काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विजेंद्र भाटी, राहुल भिडवारा, मास्टर यामीन, कृषबीर मुन्ना, आसिफ बढला, महबूब सैफी, शमशाद सैफी आदि मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**मेरठ।** अपना दल (एस) के तत्वावधान में रविवार को भैंसाली रोडवेज के पास कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्वार (रामपुर) विधायक शफीक अहमद अंसारी एवं राज्य मंत्री रेखा वर्मा का कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में भव्य स्वागत किया। सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार ने नए जिलाध्यक्ष को कार्यभार सौंपते हुए कहा कि आगामी पंचायत चुनाव पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी।

# डीएम, एसएसपी ने लगाई जन चौपाल

**मथुरा।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5 के अन्तर्गत महिला सश. क्तिकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जन चौपाल लगाकर छात्राओं बालि. काओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिला सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानका. रियां जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, महिला हेल्प डेस्क, एंटी



रोमियो स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, शक्ति दीदी, यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090 व आत्मरक्षा सम्बन्धी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# मिथुन मन्हास बने BCCI के अध्यक्ष



● प्रज्ञान ओझा, आरपी सिंह को टीम की चयन समिति में शामिल किया गया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे। मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

## मिथुन के अध्यक्ष बनने पर जितेंद्र ने दी बधाई

जम्मू, वार्ता। जम्मू-कश्मीर के सपूत मिथुन मन्हास को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष घोषित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह जश्न का अवसर है। डा. सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्यह जश्न का एक महत्वपूर्ण अवसर है! मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' बीसीसीआई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया है। उन्होंने पोस्ट किया कि जम्मू-कश्मीर के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए यह कितना भाग्यशाली रविवार है, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है। डा. सिंह ने आगे कहा कि कुछ ही घंटों के अंतराल में, पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल विश्व चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद भद्रवाह का एक बेटा मिथुन शीर्ष पर पहुंच गया। इस बीच, जम्मू के क्रिकेट जगत ने मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है।



# अनुष्का ने 3पी में जीता स्वर्ण

### भारत के एड्रियन कर्माकर ने जीता रजत, खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दिमित्री के नाम रहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर एशियन चैंपियन अनुष्का ठोकुर ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने पहले दिन राइफल प्रोन में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद अब 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर महिला स्पर्धा में स्वर्ण पर कब्जा जमाया। डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चौथे दिन खेले गए फाइनल में अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुषों की जूनियर 3पी स्पर्धा में भारत के एड्रियन कर्माकर ने रजत पदक जीता, जबकि खिताब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) दिमित्री पिमेनोव के नाम रहा। एआईएन शूटरों के लिए यह खास दिन रहा, जिन्होंने दोनों फाइनल्स में कुल चार पदक अपने नाम किए। अनुष्का ने फाइनल में 461-0 का स्कोर किया, जिसमें खड़े होकर शूटिंग करते हुए अपनी 35वें शॉट पर परफेक्ट 10-9 भी शामिल था। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 585-31ग स्कोर किया था और फाइनल में 6-1 अंकों की बढ़त के साथ स्वर्ण हासिल किया। एआईएन की अनास्तासिया सोरोकीना 454-9 (क्वालिफिकेशन: 580-23ग) के साथ रजत पर रहीं, जबकि उनकी साथी मारिया क्रुगलोवा ने 444-0 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। एआईएन की ही अनास्तासिया गोरुखोवा चौथे स्थान पर 434-3 अंकों के साथ रहीं। अन्य फाइनलिस्ट्स में भारत की महित संधू 422-7 के साथ पांचवें, क्रोएशिया की अनामा. रिजा तुर्क 408-9 के साथ छठे, भारत की प्राची गायकवाड़ 399-3 के साथ सातवें और स्लोवाकिया की कामिला नोवा. 'तना 399-2 के साथ आठवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के जूनियर 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप लनगबो के रजत विजेता एआईएन के दिमित्री पिमेनोव ने 461-0 स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। भारत के एड्रियन कर्माकर, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 587-34ग के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन 455-9 अंकों के साथ रजत पर संतोष करना पड़ा। एआईएन के कामिल नुरियाख्मेतोव ने 441-0 के स्कोर से कांस्य हासिल किया। क्रोएशिया के डार्को टोमासेविक 430-3 के साथ चौथे, भारत के वेदांत नितिन वाघमारे 420-9 के साथ पांचवें, एआईएन के इयारोस्लाव क्लिमिन 408-0 के साथ छठे रहे। भारत के सामी उल्लाह खान (393-0) सातवें और स्लोवाकिया के लुकास हो. रिनेक (386-6) आठवें स्थान पर रहे। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष (स्टेज 1 क्वालिफिकेशन) में भारत ने दबदबा बनाए रखा। सूरज शर्मा ने 287-7ग स्कोर कर एआईएन के अलेक्ज़ांद्र कोवालेव के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। भारत के समीर गुलिया (286-9ग), अभिनव चौधरी (284-8ग), मुकेश नेलावली (283-10ग) और जतिन (282-5ग) तीसरे से छठे स्थान तक रहे। स्टेज 2 के बाद प्रत्येक देश से केवल तीन खिलाड़ी ही फाइनल में जगह बना पाएंगे, जिससे प्रतियोगिता और कड़ी हो गई है। भारत के गौरव देसाले (572-17ग) आठवें और रोहित कन्यन (570-21ग) दसवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मेल्विना एंजे. लिन जोएल ग्लैडसन (572-19ग) नौवें और आध्या अग्रवाल (563-12ग) बारहवें स्थान पर रहीं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल की घोषणा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 30 सितम्बर से दो नवंबर तक चलने वाले महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए कमेंटेटरों के नामों और प्रसारणकर्ता की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण आईसीसी टीवी द्वारा किया जाएगा। प्रशंसक इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 सितम्बर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में आठ शीर्ष टीमों के बीच होने वाले मुकाबले देख सकेंगे। प्रत्येक मैच को कम से कम 30 कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा। अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स और कमेंटेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इस पैनल में मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस, पूर्व कप्तान मिताली राज, सना मीर, नासिर हुसैन और अंजुम चोपड़ा है।

### कतर फीफा इंटर कॉन्टिनेंटल कप के अंतिम चरण की मेजबानी करेगा

**दोहा, वार्ता।** कतर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2025 के अंतिम तीन मैचों की मेजबानी करेगा। 17 दिसम्बर को होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन के प्रतिद्वंद्वियों का फैसला करने के लिए अमेरिका के फीफा डर्बी और फीफा चैलेंजर कप खेलों का आयोजन किया जाएगा। फीफा विश्व कप 2022 के मेजबान इस साल के अंत में फीफा अंडर-17 विश्व कप और फीफा अरब कप का भी आयोजन करेंगे। कतर को इस साल के फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के अंतिम तीन मैचों (एम3 से एम5) की मेजबानी की पुष्टि कर दी गई है। यह एक विशिष्ट वार्षिक वैश्विक क्लब प्रतियोगिता है।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

● भारतीय टीम ने बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब जीता




**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने यहां रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हराकर अपना सातवां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किया। हाफ टाइम तक भारत ने दल्लामुओन गंगटे (4') और अज़लान शाह केएच (38') के गोलों की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बांग्लादेश ने आखिरी क्षणों में इहसान हबीब रिदुआन के बराबरी के गोल से वापसी की और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन शनिवार रात ब्लू कोल्ट्स ने सबसे जरूरी समय पर संयम बनाए रखा। पेनल्टी शूटआउट में भारत ने अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाई। दल्लामुओन गंगटे, कोरोउ मेइतेई कोंथौजम और इंद्र राणा मगर ने शानदार गोल दागे, जिसके बाद शुभम पूनिया ने निर्णायक चौथा किक गोल में बदल दिया। इसके विपरीत, बांग्लादेश दबाव में बिखर गया। मोहम्मद इकरामुल इस्लाम ने क्रॉसबार पर गेंद मारी, मोहम्मद आज़म खान का प्रयास मानशज्योति बरुआ ने बचा लिया, और हालांकि मोहम्मद माणिक ने उनके तीसरे प्रयास को गोल में बदल दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत ने जश्न मनाया और ज़ोरदार अंदाज में अपनी गद्दी वापस हासिल कर ली।

# लिटन दास के अफगानिस्तान सीरीज से बाहर रहने के संभावना



● सूत्रों के अनुसार लिटन दास को टीक होने में कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन कुमार दास पीठ की चोट के कारण अफगा़निस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

टीम सूत्रों ने पुष्टि की है कि शानदार फॉर्म में चल रहे लिटन को ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे। इस चोट के कारण वह मौजूदा एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैचों से पहले ही बाहर हो गए थे। बांग्लादेश दोनों मैच हार गया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

राष्ट्रीय टीम के साथ मिल. कर काम करने वाले एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि मुझे लगता है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे, इसलिए अफगा़निस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके (लिटन) खेलने की संभावना कम है। लिटन को 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान पीठ में खिंचाव आ गया था। नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय उन्हें कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई।

# नेपाल की विंडीज पर ऐतिहासिक जीत

● 180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया




**शारजाह, वार्ता।** नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

180 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया।

# रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा, इस सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक था।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। दिग्गज माने जाने वाले 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से अधिक की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ने छह बार 12 मीटर से अधिक की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। रुज्दी एक कार दुर्घटना में बच गए थे, लेकिन कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं, उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

# यूपी योद्धाज जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार

● मुकाबला आज रात 8 बजे जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ करेंगी यूपी योद्धाज

**चेन्नई, वार्ता।** जयपुर में लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद यूपी योद्धाज अब चेन्नई चरण की शुरुआत गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए करेंगे। यह मुकाबला 29 सितम्बर को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा। जयपुर चरण का समापन योद्धाज ने रोमांचक अंदाज़ में किया था। पहले उन्होंने 36-36 की बराबरी के बाद बेंगलुरु बुल्स को टाई-ब्रेकर में 6-5 से मात दी। इस नतीजे ने दबाव की स्थिति में टीम के धैर्य और आत्मविश्वास को साबित किया। अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में योद्धाज अंक तालिका में सातवें स्थान से और ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे। पिछले मैच में भवानी राजपूत ने 10 अंक जुटाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि गगन गौड़ा ने लगातार योगदान देते हुए सीजन में 8 मैचों से अपने अंक 82 तक पहुंचा दिए हैं। इनके साथ गुमान सिंह का प्रभाव और युवा शिवम चौधरी की चमक, योद्धाज की अटैक लाइन-अप को कई खतरनाक विकल्प देता है। डिफेंस में कप्तान सुमित सां. गवान और उपकप्तान आशु सिंह को फिर से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत होगी। महेंदर सिंह और हितेश की मजबूती के साथ, योद्धाज की बैकलाइन में अब तालमेल दिख रहा है और पीकेएल की सबसे अनुशासित और मजबूत डिफेंसिव इकाइयों में गिनी जा रही है।

### आईएसपीएल सीजन 3 की 9 जनवरी 2026 से वापसी

**मुंबई, वार्ता।** लगातार दो सफल सीजन के बाद, इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल), भारत का अग्रणी टेनिस-बॉल टी10 टूर्नामेंट, अपने तीसरे संस्करण के लिए और भी बड़ी, बेहतर और दमदार वापसी कर रहा है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 9 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सूरत में आयोजित किया जाएगा। आगामी सीजन की मुख्य बातों में, सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) को बिल्कुल नई पोर्शे 911 कार मिलेगी, जो यह दर्शाता है कि लीग वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं और मापदंडों के साथ तालमेल बिठाते हुए कितनी बड़ी हो गई है। आईएसपीएल की कोर कमेटी के सदस्यों, सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज समत (लीग कमिश्नर), दीपक चौहान (लीग ऑपरेशंस के अध्यक्ष), के साथ-साथ सुपरस्टार अजय

# इगा-सिनर आगे बढ़े, झेंग की जोरदार वापसी



**बीजिंग, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी जैनिक सिनर और महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक दोनों ने 2025 चाइना ओपन के एकल वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि घरेलू प्रबल दावेदार झेंग किनवेन ने सर्जरी के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया की एमिलियाना अरंगो को हराया। इतालवी स्टार सिनर ने शनिवार को दूसरे दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर टेरेंस एटमाने के खिलाफ तीन सेटों में 6-4, 5-7, 6-0 से जीत हासिल की। तेईस वर्षीय एटमाने ने मैच में 11 ऐस लगाए, लेकिन सिनर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि आज की चुनौती बहुत कठिन थी। तीसरे सेट में वह निश्चित रूप से काफ़ी आत्मविश्वास से भरा हुआ था। मैंने पहला गेम शानदार खेलकर उसकी सर्विस तोड़ी, जिससे मुझे किसी तरह सेट जीतने का आत्मविश्वास मिला। डबल ब्रेक के बाद, माहौल थोड़ा अलग था। माहौल पूरी तरह से बदल गया। इस साल के चाइना ओपन में अपने पहले मैच में स्वियाटेक ने पहले राउंड में बाई मिलने के बाद ज्यादा आरामदायक जीत हासिल की, दूसरे राउंड में उन्होंने चीन की युआन यू को 6-0, 6-3 से आसानी से हरा दिया। 24 वर्षीय पोलिश खिलाड़ी ने कहा कि पहला मैच हमेशा कोर्ट का अनुभव करने और उसे समझने के लिए अच्छा होता है। मुझे हर मैच के लिए तैयार रहना होगा। मैं बस नए कौशल सीखने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं। चीनी टीम की प्रबल दावेदार और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग, जिनकी हाल ही में कोहनी की सर्जरी हुई थी, ने बहुप्रतीक्षित वापसी की। उत्साहपूर्ण जयकारों के बीच, झेंग ने अरांगो को 6-3, 6-2 से हराकर महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग ज़ियू को 6-3, 6-2 से हराया। चीनी खिलाड़ी झू लिन को चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा से 6-2, 6-2 से हार का सामना करना

## कार्लोस जापान ओपन के सेमीफाइनल में



**टोक्यो, वार्ता।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शनिवार रात खेले गये क्वार्टरफाइनल मुकाबले में विश्व नंबर वन अल्काराज ने एक ही सीजन में अपने करियर की 65वीं जीत दर्ज करते हुए ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-2, 6-4 से हराकर जापान ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्काराज सोमवार को अंतिम चार में नोर्वे के कैस्पर रूड से भिड़ेंगे। स्पेनिश खिलाड़ी का नोर्वे के खिलाड़ी के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 4-1 है, लेकिन रूड ने पिछले साल एटीपी फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना लगातार दूसरे दिन अपने ही अमेरिकी हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। फ्रिट्ज ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 6-7(5), 6-3 से हराया।

# सम्पादकीय

सोमवार, 29 सितम्बर 2025

## यूनुस की बदजुबानी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ खराब होते रिश्तों का पूरा दोष नई दिल्ली पर मढ़ा है। उन्होंने इसके लिए जो कारण बताए हैं, वो पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ रिश्ते खराब होने का ठीकरा पूरी तरह नई दिल्ली पर फोड़ दिया है। द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के लिए उन्होंने जो कारण गिनाए हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और सच से मुंह मोड़ने वाले हैं। मोहम्मद यूनुस को यह रास नहीं आ रहा कि भारत ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को शरण दी है। उनके मुताबिक, भारत को बांग्लादेशी स्टूडेंट्स का विरोध-प्रदर्शन पसंद नहीं आया और भारतीय मीडिया की तरफ से दुष्प्रचार किया गया। यूनुस ने ये बातें न्यूयॉर्क में कहीं, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए हुए हैं। एक तो द्विपक्षीय मसलों पर बात करने के लिए यह कोई मंच नहीं था और फिर यूनुस ने अधूरी तस्वीर पेश की है। अगस्त, 2024 में उनके सत्ता संभालने के बाद से बांग्लादेश के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़े हैं, अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं।

भारत ने स्टूडेंट्स के आंदोलन पर कभी ऐतराज नहीं किया-हां, अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने पर चिंता जरूर जताई है। यह कोई दुष्प्रचार नहीं है, इस साल फरवरी में जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं, अहमदिया मुस्लिमों, ईसाइयों, बौद्ध और यहां तक कि चटगांव के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली मूल जनजातियों पर भी हमले बढ़े हैं। सच यही है कि उनकी सरकार में कट्टरपंथी ताकतों का दखल पड़ा है। कानून-व्यवस्था और जल्द चुनाव के मुद्दे पर उनकी बांग्लादेशी सेना के साथ भी अनबन हो चुकी है। यूनुस पर जिम्मेदारी थी जल्द से जल्द चुनाव कराने की, जिससे वह बचते आ रहे हैं। स्टूडेंट्स का भरोसा भी उन पर कम हुआ है। इसके बावजूद वह ऐसे नीतिगत फैसले ले रहे हैं, जिसका असर लंबे वक्त तक बांग्लादेश को प्रभावित करेगा। उन्होंने अपने देश को पाकिस्तान और चीन की तरफ झुका दिया है। वह शायद भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर दिया अपना बयान भूल गए, जो हर लिहाज से पड़ोसी धर्म के खिलाफ था। यूनुस SAARC को फिर से सक्रिय करना चाहते हैं, लेकिन उनकी कोशिशों के पीछे का मकसद साफ समझ आ जाता है। पाकिस्तान की वकालत करना। SAARC भले निष्क्रिय हो, लेकिन दूसरे क्षेत्रीय संगठन BIMSTEC के जरिए भारत पड़ोसी देशों के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। यूनुस अगर भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, तो उन्हें जियो पॉलिटिक्स का मोहरा बनने के बजाय नई दिल्ली से सीधे बात करनी चाहिए और सच को स्वीकार करना चाहिए।

### एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं



उप्र में कानून का राज नहीं, बल्कि दो. हरी व्यवस्था चल रही है, दलित, मुस्लिम और पिछड़े समाज के लिए अलग कानून लागू कर तानाशाही थोपने की कोशिश हो रही है, बरेली में आई लव मोहम्मद प्रकरण पर लाठी भांजने वाली पुलिस फतेहपुर में खामोश रहती है, महज कागज पर आई लव मोहम्मद लिखने को अपराध घोषित कर दिया गया, बरेली में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वाले लोगों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज हुआ और निर्दोषों को जेल भेज दिया गया, यह सब सत्ता के इशारे पर हुआ है, एक प्रदेश में दो कानून कैसे हो सकते हैं, अगर सरकार वास्तव में संवाद चाहती तो, प्रदर्शनकारियों को समझा सकती थी, लेकिन सत्ता की नीयत कमजोर वर्गों को डराने की है, यूपी में जंगलराज कायम है।

**चंद्रशेखर आजाद, अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम )**

---

सरयू से संगम तक की पदयात्रा

## सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक संघर्ष का नया सफर



वीरेश तरार

उत्तर प्रदेश की जमीन हमेशा आंदोलनों, संघर्षों और यात्राओं की गवाह रही है। कभी किसानों के आंदोलन ने सत्ता को हिलाया, कभी युवाओं की पदयात्रा ने राजनीति का चेहरा बदल दिया, कभी साधु-संतों के जत्थों ने आस्था का नया स्वर दिया और कभी जनसैलाब ने लो. कतंत्र की दिशा मोड़ दी। इसी परंपरा में एक नई कड़ी जुड़ने जा रही है, जब आम आदमी पार्टी ने यह घोषणा की कि वह सरयू से संगम तक की पदयात्रा निकालेगी। यह घोषणा केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा का इजहार नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सामाजिक हकीकत का आईना है। जिस राज्य में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं, जहां किसान हर मौसम में नए संकट से जूझता है, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है और जहां सामाजिक न्याय अब भी अधूरा सपना बना हुआ है, वहां एक ऐसी पदयात्रा जनता की चेतना को जगाने का जरिया बन सकती है।

यात्राएं हमेशा केवल पांवों की थकान नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की नब्ज को छूने का माध्यम होती हैं। महात्मा गांधी की दांडी यात्रा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नमक के मुद्दे पर निकली वह यात्रा भारत की आजादी की लड़ाई को नया मोड़ दे गई थी। लोहिया ने भी यात्राओं को समाजवादी आंदोलन का औजार बनाया। जयप्रकाश नारायण की पुकार भी गांव-गांव जाकर फैली थी। आडवाणी की रथयात्रा ने एक अलग किस्म की राजनीति को जन्म दिया। राहुल गांधी ने भी हाल में अपनी भारत जोड़ो यात्रा से कोशिश की कि जनता से सीधा संवाद बने। ऐसे उदाहरण बताते हैं कि जब नेता सड़कों पर उतरते हैं, जब वे गांवों-कस्बों की धूल अपने पैरों से चिपकाते हैं, तब राजनीति महलों से निकलकर जनता के आंगन तक आती है।

सरयू से संगम तक का रास्ता केवल एक भौगोलिक दूरी नहीं है, बल्कि प्रतीकात्मक अर्थों से भरा हुआ है। सरयू नदी अयोध्या की पहचान है, वह आस्था और परंपरा का केंद्र है। वहीं प्रयागराज का संगम भारत की विविधता, सांस्कृतिक एकता और लोकचेतना का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस यात्रा का संदेश यही है कि राजनीति को केवल सत्ता की लड़ाई न बनाकर समाज की विविधता और पीड़ा को एक सूत्र में पिरोया जाए। इस पदयात्रा का मार्ग उन इलाकों से होकर गुजरेगा, जहां किसान गन्ने के दाम के लिए वर्षों से आंदोलन कर रहा है, जहां नौजवान नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जहां दलितों और पिछड़ों को बराबरी का हक अब भी अधूरा है और जहां महिलाएं रोजाना असुरक्षा की छाया में जीती हैं। यह सब मिलकर इस यात्रा को सिर्फ एक जुलूस नहीं, बल्कि सामाजिक दस्तावेज बना देते हैं।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या आज बेरोजगारी है। लाखों पढ़े-लिखे युवक सरकारी नौकरियों की प्रतीक्षा में अपने जीवन के सुनहरे साल गंवा रहे हैं। भर्ती प्रक्रियाएं वर्षों तक लंबित रहती हैं, परीक्षा के पेपर लीक होते हैं, और जब कभी नौकरी मिलती भी है तो उसमें भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप लगते हैं। निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर सीमित हैं। इसके चलते युवा वर्ग निराशा और हताशा में जी रहा है। यही निराशा कभी-कभी समाज में आक्रोश का रूप ले लेती है। यह पदयात्रा अगर सचमुच इन युवाओं की आवाज को उठाती है, उनके लिए ठोस वैकल्पिक योजनाएं पेश करती है, तो यह आंदोलन केवल चुनावी अभियान न रहकर सामाजिक चेतना का स्वरूप ले सकता है।

किसानों की हालत भी कम भयावह नहीं है। गन्ना किसान वर्षों से बकाया भुगतान की प्रतीक्षा करता है। धान और गेहूं के किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता, बढ़ती लागत और घटते मुनाफे ने उनकी कमर तोड़ दी है। किसान आत्महत्या जैसे चरम कदम उठाने पर मजबूर हो रहे हैं। लेकिन सत्ता के गलियारों से केवल वादे निकलते हैं, समाधान नहीं। इस पदयात्रा का एक बड़ा कसौटी यही होगा कि क्या यह किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखती है। गन्ना बेल्ट से गुजरते हुए यह यात्रा किसानों की आह और उनकी उम्मीद दोनों को आवाज दे सकती है। सामाजिक न्याय का सवाल उत्तर प्रदेश की राजनीति का स्थाई केंद्र है। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग आज भी बराबरी और सम्मान की तलाश में हैं। भूमिहीन मजदूर, दिहाड़ी करने वाले, छोटे कारीगर, सफाईकर्मी और शोषित तबके की आवाज अक्सर चुनावी नारों के बीच गुम हो जाती है। यह पदयात्रा अगर उन्हें मंच देती है, उनके मुद्दों को उठाती है, तो यह समाज में नई चेतना भर सकती है। राजनीति की सच्ची परीक्षा यही है कि वह केवल जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर समानता और समरसता की लड़ाई लड़े। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा उत्तर प्रदेश को सबसे पीछे धकेल रही है। सरकारी स्कूलों में संसाधन नहीं हैं, शिक्षक नहीं हैं, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयां नहीं मिलतीं, आम आदमी को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां खर्च उसकी सामर्थ्य से कहीं अधिक होता है। इस यात्रा को यदि जनता गंभीरता से लेगी, तो तभी जब यह इन बुनियादी सवालों को आवाज देगी। जनता यह जानना चाहती है कि सड़क और पुल बनाने से आगे क्या उसकी जिंदगी आसान होगी, क्या उसके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी, क्या बीमारी की हालत में इलाज मिलेगा, क्या किसान का पसीना उसे सम्मानजनक जीवन देगा।

लोकतंत्र का असली मूल्य यही है कि सत्ता जनता की तकलीफों को सुने और उनका समाधान करे। लेकिन आज सत्ता और समाज के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। सत्ता बड़े आयोजनों और विज्ञापनों में व्यस्त है, जबकि जनता बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा के बोझ तले कराह रही है। इस स्थिति में जब कोई राजनीतिक दल सड़क पर उतरता है, तो जनता उसमें अपनी उम्मीदें खोजती है, लेकिन उम्मीदें स्थाई तभी बनती हैं जब आंदोलन केवल नारेबाजी न रहकर ठोस कार्यक्रम और नीति का रूप लें। यही इस पदयात्रा की सबसे बड़ी चुनौती होगी। इतिहास गवाह है कि उत्तर प्रदेश की धरती पर निकली यात्राओं ने राजनीति की दिशा बदली है। आजादी की लड़ाई में यह धरती निर्णायक बनी। आजादी के बाद भी किसान आंदोलनों से लेकर सामाजिक न्याय की पुकार तक, हर आंदोलन ने राजनीति पर असर डाला। आज जब लोकतंत्र का स्वरूप केवल चुनाव और सत्ता की होड़ तक सीमित होता जा रहा है, तब ऐसी यात्राओं का महत्व और बढ़ जाता है। यह यात्रा लोकतंत्र की असली कसौटी होगीकि क्या जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचा पाएगी या केवल मीडिया की सुर्खियों में सिमट जाएगी। सरयू से संगम तक की यात्रा का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अर्थ भी गहरा है। यह यात्रा उस प्रदेश की पहचान को सामने लाती है, जहां धर्म और आस्था के साथ-साथ संघर्ष और चेतना की भी धारा बहती है। सरयू से लेकर संगम तक का सफर प्रतीक है उस समाज का, जहां विविधता के बीच एकता है, जहां आस्था और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं, और जहां हर युग में जनता ने अपनी आवाज से राजनीति की दिशा बदली है। आखिर में सवाल यही है कि क्या यह यात्रा जनता की पीड़ा को सचमुच अपनी धड़कन बना पाएगी। क्या यह केवल राजनी. तिक महत्वाकांक्षा की अभिव्यक्ति बनकर रह जाएगी या समाज में नया अध्याय लिखेगी। लो. कतंत्र की ताकत जनता है, और जनता तभी जागती है जब उसे लगता है कि उसकी तकलीफें सचमुच सुनी जा रही हैं। यदि यह यात्रा जनता की उम्मीदों को ठोस योजनाओं और नीतियों में बदलने का साहस करती है, तो यह सरयू से संगम तक का सफर केवल एक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का अध्याय बन जाएगा।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

---

## अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का स्वावलंबी होना



तनवीर जाफरी

विश्व के सिर पर सवार अमेरिकी वर्चस्व का भूत अब धीरे धीरे उतरने लगा है। खासकर डोनल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे शासनकाल में जैसा बर्ताव दुनिया के अनेक देशों के साथ किया है उससे भी अमेरिका की साख को काफी गहरा धक्का पहुंचा है। कभी वे कनाडा को 51 वां अमेरिकी राज्य बताकर खलबली पैदा कर देते हैं तो कभी दुनिया के अनेक देशों पर मनमानी टैरिफ लगाकर आर्थिक संकट खड़ा करते हैं। कभी भारत और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था बताकर इन देशों को अपमानित करते हैं। तो कभी वीजा फीस असीमित कर लोगों की चिंता बढ़ा देते हैं। गौर तलब है कि गत 31 जुलाई को राष्ट्रपति ट्रंप ने एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मुझे भारत का रूस के साथ क्या करना है, उसकी परवाह नहीं। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ ले जा सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। उसी समय ट्रंप ने भारत को रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा तेल खरीदने के लिए दंड लगाने की भी धमकी दी थी। ट्रंप का कहना था कि चीन के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है। जबकि अमेरिका यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डाल रहा है। ट्रंप का मत था कि भारत से तेल से मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन युद्ध में कर रहा है। इस घटनाक्रम में एक मजेदार मोड़ तब आया था जब स्वयं यूक्रेन ने कह दिया था कि उसे भारत रूस के व्यापारिक रिश्तों को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। इसी तरह गजा में अमेरिकी संरक्षण में जिस तरह इस्राइल जनसंहार कर रहा है दुनिया के तमाम देश, संयुक्त राष्ट्र संघ, अंतर्राष्ट्रीय अदालत सब इस्राइल खासकर नेतन्याहू की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हैं। बार-बार इस्राइली नीतियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पास हो रहे हैं, नेतन्याहू के विरुद्ध वारंट जारी हो रहे हैं परन्तु इस्राइल का दमनचक्र जारी है और उसका परममित्र अमेरिका खामोश है?

दुनिया ने यह भी देखा कि इज़राइल ने किस तरह मध्य एशिया में अमेरिका के परम् सहयोगी देश कतर पर हमास लीडरशिप को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इतना ही नहीं बल्कि जरूरत पड़ने पर आगे भी कतर पर हमले की चेतावनी दी। परन्तु अमेरिका इस कार्रवाई को भी देखता रह गया। गोया यह इजराईल व नेतन्याहू को दी जा रही अमेरिकी सरपरस्ती का ही परिणाम है कि इस्राईल के ही दो पूर्व प्रधानमंत्री एहूद बराक और एहुद ओल्मर्ट को यहां तक कहना पड़ चुका है कि नेतन्याहू इस्राईल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अछूत बनाने की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में ईरान जैसे देश घोर अमेरिका विरोधी देश की तरफ नजर डालना भी जरूरी है। क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से ही आर्थिक और राजनयिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। सबसे पहले 1979 में अमेरिका ने अपने तेहरान दूतावास में बंधक संकट के बाद पहली बार व्यापक प्रतिबंध लगाए थे जिसमें ईरानी तेल आयात पर रोक लगा दी गई थी और ईरानी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया था। उसके बाद 1980-90 के दशक में ईरान को आतंकवाद का समर्थक बताकर और परमाणु कार्यक्रम की आशंकाओं का बहाना बनाकर इन प्रतिबंधों को और सख्त किया गया। इसके बाद 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने ईरान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए। इसी तरह 2000 के दशक में पुनः ईरान के परमाणु कार्यक्रम की आड़ में संयुक्त राष्ट्र और अमे. रिका ने ईरान पर और नए प्रतिबंध लगा दिए। इन प्रति. बंधों का निशाना ईरान के वित्तीय संस्थान, तेल निर्यात और तकनीकी व्यापार थे। हालांकि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के वादे के बाद 2015 में संयुक्त व्यापक कार्य योजना द्धश्रब्ल्लक्कऋ, यानी ईरान परमाणु समझौते के तहत, कई प्रतिबंध हटाए भी गए थे। परन्तु राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में ईरान पर खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और शिपिंग सेक्टर पर फिर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए।

ट्रंप प्रशासन ने ही 2020 और उसके बाद ईरान के परमाणु, बैलिस्टिक मिसा. इल और हथियार कार्यक्रमों को रोकने के लिए नए प्रतिबंध जोड़े। यहां तक कि 2025 में भी, ट्रंप द्वारा ईरान के तेल व्यापार और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए। अमेरिका ने इसी वर्ष ईरान के तेल व्यापार, पेट्रोकेमिकल उद्योग और परमाणु अनुसंधान पर कड़े प्रति. बंध लगाए हैं। अभी इसी वर्ष गत मई में ही अमेरिका ने परमाणु वार्ता के बीच ही पुनः नए प्रतिबंध लगा दिए थे। इस प्रतिबंध में तीन ईरानी अधिकारियों और एक कंपनी को निशाना बनाया गया है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

---

## स्वच्छ ऊर्जा की दौड़ में चीन का बढ़ता वर्चस्व



विनीत नारायण

आज की दुनिया में ऊर्जा नीतियां सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं हैं, बल्कि वैश्विक वर्चस्व की कुंजी हैं। जब अमेरिका तेल और गैस पर दांव लगाकर पुरानी राह पर लौट रहा है, वहीं चीन स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को गति दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल आर्थिक असंतुलन पैदा कर रहा है, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिग्गजोंकृजैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्धएआईऋकृके लिए बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। साइरस जेन्सेन की हालिया वीडियो 'अमे. रिका जस्ट मेड द ग्रेटेस्ट मिस्टेक ऑफ द 21वीं सेंचुरी' इस मुद्दे को बेबाकी से उजागर करती है। य

अमेरिका, जो कभी नवाचार का प्रतीक था, अब अपनी ऊर्जा नीतियों में उल्टा चढ़ाव दिखा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में, अमेरिका ने अलास्का में 44 अरब डॉलर का प्राकृतिक गैस प्रोजेक्ट शुरू किया था। जनरल मोटर्स जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी की योजनाओं को रद्द कर रही हैं और वी8 गैस इंजनों पर लौट रही हैं। यहां तक कि ईवी खरीद पर टैक्स क्रेडिट भी समाप्त कर दिए गए हैं। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है और नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का रास्ता दिख रही है।

जेन्सेन की वीडियो में साफ कहा गया है कि अमे. रिका की यह रणनीति अल्पकालिक लाभ के लिए है। तेल और गैस निर्यात बढ़ाने से तत्काल आर्थिक फायदा तो मिलेगा, लेकिन लंबे समय में यह वैश्विक बाजारों में पीछे धकेल देगा। अमेरिका ने 1950 के दशक में सोलर पैनल विकसित किए थे, 1970 के दशक में



लिथियम-आयन बैटरी का आविष्कार किया, लेकिन रोनाल्ड रीगन जैसे नेताओं ने जिमी कार्टर के व्हाइट हाउस सोलर पैनल हटाकर इसकी उपेक्षा की। आज भी वही पुरानी सोच हावी है। परिणामस्वरूप, अमेरिका ईवी निर्यात में मात्र 12 अरब डॉलर और बैटरी निर्यात में 3 अरब डॉलर पर सिमट गया है, जबकि सोलर पैनल निर्यात तो महज 69 मिलियन डॉलर का है।

यह भूल सिर्फ आर्थिक नहीं, भू-राजनीतिक भी है। वैश्विक दक्षिणकृजो सौर और पवन ऊर्जा के 70 प्रतिशत स्रोतों और महत्वपूर्ण खनिजों के 50 प्रतिशत का नियंत्रण रखता हैकृअब नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ रहा है। अमेरिका का जीवाश्म ईंधन पर फोकस इन देशों को अलग-थलग कर देगा, जबकि चीन इनके साथ साझेदारी कर रहा है। वहीं, चीन ने स्वच्छ ऊर्जा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बना लिया है। 2024 में चीन ने दुनिया के बाकी देशों से ज्यादा विंड टर्बाइन और सोलर पैनल लगाए। ईवी और बैटरी स्टोरेज में निवेश ने इसे वैश्विक नेता बना दिया है। पिछले साल चीन ने 38 अरब डॉलर के ईवी निर्यात किए, 65 अरब डॉलर की बैटरी बेचीं, और सोलर पैनल के 40 अरब डॉलर के निर्यात किए। स्वच्छ ऊर्जा पेटेंट में चीन के पास 7 लाख से ज्यादा हैं, जो दुनिया के आधे से अधिक हैं।

जेन्सेन उद्धृत करते हुए बताते हैं कि चीन की सफलता का राज समन्वित प्रयास है। सीएल के सह-अध्यक्ष शिएन पैन कहते हैं, हमीन को लंबे लक्ष्य पर प्रतिबद्ध करना मुश्किल है, लेकिन जब हम प्रतिबद्ध होते हैं, तो समाज के हर पहलूकृसरकार, नीति, निजी क्षेत्र, इंजीनियरिंग सभी एक ही लक्ष्य की ओर कड़ी मेहनत करते हैं। यह दृष्टिकोण अमेरिका की छिटपुट नीतियों से बिल्कुल अलग है।

चीन अब वैश्विक बाजारों में फैल रहा है। ब्राजील, थाईलैंड, मोरक्को और हंगरी में ईवी और बैटरी फैक्टरियां बना रहा है। हंगरी में 8 अरब डॉलर का कारखाना, इंडोनेशिया में 11 अरब डॉलर का सोलर प्लांटकृए निवेश न केवल आर्थिक, बल्कि भू-राजनी. तिक लाभ भी दे रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के हवाले से जेन्सेन कहते हैं, ईवी बैटरी बनाने वाले देश दशकों तक आर्थिक और भू-राजनीतिक फायदे काटेंगे। अभी तक का एकमात्र विजेता चीन है। पिछले 15 वर्षों में चीन ने बिजली उत्पादन में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि एआई जैसी उभरती तकनीकें बिजली पर निर्भर हैं। चीन का स्वच्छ ऊर्जा निवेश न केवल पर्यावरण बचाएगा, बल्कि एआई क्रांति में भी नेतृत्व देगा। आरएमआई की 'पावरिंग अप द ग्लोबल साउथ' रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक दक्षिण के 70 प्रतिशत सौर-पवन संसाधन चीन की रणनीति से जुड़ रहे हैं। यह संघर्ष सिर्फ दो महाशक्तियों का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का है। वैश्विक दक्षिण अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण एशियाकृअब सस्ती और सतत ऊर्जा की तलाश में है। चीन ने इन देशों में सस्ते सोलर पैनल और ईवी तकनीक पहुंचाई है, जबकि अमेरिका के महंगे गैस प्रोजेक्ट इनके लिए बोझ साबित हो रहे हैं। परिणाम? यह देश चीन की ओर झुक रहे हैं।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह चेतावनी स्पष्ट है। हमारी 'मेक इन इंडिया' और 'प्लेज फॉर क्लाइमेट' पहलें स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित हैं, लेकिन चीन का वर्चस्व चुनौती है। भारत सोलर और विंड में प्रगति कर रहा है, लेकिन बैटरी और ईवी चिप्स में आयात पर निर्भरता बनी हुई है। यदि हम चीन की तरह समन्वित नीति नहीं अपनाते, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पीछे रह जाएंगे। अमेरिका की गलती से सबक लेते हुए, भारत को स्वदेशी नवाचार पर जोर देना चाहिएकृजैसे लिथियम खनन और बैटरी रिसाइक्लिंग में निवेश। अमेरिका की यह भूल नई नहीं है। 20वीं सदी में जापान ने इलेक्ट्रॉनिक्स में अमेरिका को पीछे छोड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने अल्पकालिक लाभ को प्राथमिकता दी। आज चीन स्वच्छ ऊर्जा में वही कर रहा है। जेन्सेन की वीडियो एक चेतावनी हैरू जो देश बिजली उत्पादन में आगे होगा, वही एआई और अगली औद्योगिक क्रांति जीतेगा। अमेरिका को अपनी नीतियां पलटनी होंगीकृईवी सब्सिडी बहाल करनी होंगी, नवीकरणीय अनुसंधान में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन समय कम है। चीन का बढ़त 10 वर्षों का नहीं, बल्कि दशकों का हो सकता है। अमेरिका ने 21वीं सदी की सबसे बड़ी गलती कर दी हैकृजीवाश्म ईंधन पर दांव लगाकर स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य को गंवा दिया। चीन का उदय एक सबक है समन्वित, दूरदर्शी नीतियां ही विजेता बनाती हैं। भारत जैसे देशों को इस दौड़ में शामिल होना चाहिए, ताकि हम न केवल पर्यावरण बचाएं, बल्कि आर्थिक स्वतंत्रता भी हासिल करें। समय आ गया है कि दुनिया एकजुट होकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए। अन्यथा, इतिहास हमें माफ नहीं करेगा।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# ट्रम्प के मंत्री बोले: हमे भारत को दुरुस्त करना होगा

## भारत ऐसे कदम न उठाए जिससे दोनों देशों का नुकसान हो

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें भारत समेत कई देशों को दुरुस्त करना है। इनमें स्विट्जरलैंड और ब्राजील शामिल हैं। लुटनिक ने चेतावनी दी कि ये देश अपने बाजार खोलें और ऐसे कदम न उठाएं जिससे अमेरिका को नुकसान हो, इसी वजह से हमारे रिश्तों में दिक्कत आ रही है।

न्यूज नेशन से बातचीत में उन्होंने ने कहा कि अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा। अमेरिकी मंत्री ने ने भारत को सही तरीके से रिएक्ट करने की सलाह दी है। उन्होंने ने कहा कि समय के साथ ये मुद्दे सुलझ जाएंगे, लेकिन अगर आप अमेरिकी उपभोक्ताओं को अपना सामान बेचना चाहते हैं, तो आपको अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ तालमेल बिठाना होगा। गौरतलब है कि 22 से 24 सितम्बर के बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में



■ अगर भारत अमेरिका में सामान बेचना चाहता है तो उसे ट्रम्प प्रशासन की शर्तों को मानना पड़ेगा: लुटनिक

एक उच्च-स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका गया था। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) और निवेश को लेकर अहम बातचीत हुई। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पीयूष गोयल ने अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए नामिनेट अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौते को जल्दी पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखी जाएगी, ताकि यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद साबित हो। लुटनिक ने 5 सितम्बर को भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखी थीं। उन्होंने कहा था कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि एक-दो महीने में भारत ट्रम्प के साथ बातचीत की टेबल पर आएगा और माफी मांगेगा। लुटनिक के मुताबिक, भारत ट्रम्प के साथ नया सौदा करने की कोशिश करेगा। यह सौदा ट्रम्प की शर्तों पर होगा और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ इसे अंतिम रूप देंगे। ट्रम्प के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद पहली बार ट्रेड डील पर बातचीत के लिए 16 सितम्बर को अमेरिकी दल भारत पहुंचा था।

## हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिए जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है। हर साल 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है।



**लद्दाख।** हाल ही में राज्य के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए 24 वर्षीय स्टैनजिन नामग्याल के पार्थिव शरीर को लेह में कर्फ्यू के बीच अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने इज़रायल और हूती के बीच सैन्य तनाव की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन में इजरायल और हूती समूह के बीच जारी सैन्य तनाव की निंदा की है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। दुजारिक ने बयान में कहा कि महासचिव इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने के खतरे को लेकर बेहद चिंतित हैं और सभी पक्षों से अत्यधिक संयम बरतने का आग्रह करते हैं। बयान में कहा गया है कि गुटेरेस सभी पक्षों को यह सुनिश्चित करने के उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नागरिकों का हर समय सम्मान और सुरक्षा हो।

### रूस ने 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु सेना ने अलग अलग रूसी इलाकों में दागे गए 41 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) को स्थानीय समयानुसार देर रात मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 28 सितम्बर की रात हवाई रक्षा प्रणाली ने 41 यूएवी नष्ट कर दिये गए। मंत्रालय ने बताया कि कुर्स्क इलाके में 12, ब्रांस्क इलाके में 10, बेलगोरोद इलाके में आठ, तुला इलाके में चार, यारोस्लाव क्षेत्र में तीन, रोस्तव क्षेत्र में दो और नोवगोरोड क्षेत्र और समारा क्षेत्र में एक-एक यूएवी मार गिराया गया है।

### कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शुरू

**याउंडे।** कैमरून में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव अभियान शनिवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। एक महिला सहित 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह अभियान दो सप्ताह तक चलेगा और 12 अक्टूबर को मतदान होगा। प्रमुख उम्मीदवारों में सत्तारूढ़ कैमरून पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट के नेता एवं राष्ट्रपति पॉल बिया, इसा चिरोमा बाकरी और बेलो बौबा मैगारी शामिल हैं। प्रमुख विपक्षी दल सोशल डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार जोशुआ ओसिह ने अंग्रेजी भाषी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के प्रमुख शहर बामेंडा में अपना अभियान शुरू किया, जो 2017 से सशस्त्र अलगाववादी संघर्ष से त्रस्त है।

# यूएन में भारत की जिम्मेदारी बढ़ाने का चीन-रूस ने किया समर्थन

## टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर दिखाई भारत के साथ एकजुटता

**न्यूयॉर्क/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध के बीच रूस और चीन ने एक बार फिर भारत से करीबी का इजहार किया है। दरअसल रूस और चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत और ब्राजील को ज्यादा जिम्मेदारी देने का समर्थन कर दिया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थाई प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, क्योंकि इन देशों की बड़ी आबादी और वैश्विक प्रभाव को ध्यान में रखा जाना जरूरी है। इसके बाद चीन ने भी इसी तरह के विचार रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। मजबूत वैश्विक भू-राजनीति के लिहाज से यह कदम इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत-चीन व रूस के बीच एक मजबूत गठजोड़ देखने को मिला था। इस दौरान पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आए थे और इन तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। उधर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे



**दिसम्बर में भारत आएंगे पुतिन, लावरोव बोले: खतरे में नहीं दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी**

ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की अपील करते हुए भारत की स्थाई सदस्यता का खुला समर्थन किया है। तोबगे ने कहा कि परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना वक्त की जरूरत है। ऐसे में भारत और जापान जैसे देशों को स्थाई सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच आर्थिक साझेदारी खतरे में नहीं है। भारतीय प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत अपने साझेदार खुद चुनता है। लावरोव भारत पर रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका की ओर से संभावित द्वितीयक प्रतिबंध लगाने के सवाल का जवाब दे रहे थे। लावरोव ने आगे कहा, श्यदि अमेरिका के पास भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार को समृद्ध करने के प्रस्ताव हैं, तो वे इसके लिए शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका जो भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और तीसरे देशों के बीच व्यापार, निवेश, आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और अन्य संबंधों की आती है, तो यह ऐसी चीज है जिस पर भारत केवल संबंधित देशों के साथ ही चर्चा करेगा। भारत और रूस संबंधों पर लावरोव ने कहा, हम भारत के राष्ट्रीय हितों का पूरा सम्मान करते हैं और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा इन हितों को बढ़ावा देने वाली विदेश नीति का भी। हम उच्चतम स्तर पर नियमित संपर्क में रहते हैं। लावरोव ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका या भारत और किसी अन्य देश के बीच जो भी परिस्थितियां पैदा हों, उन्हें रूस-भारत संबंधों का मानदंड नहीं माना जा सकता। हमारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लंबा अनुभव है।

### भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश: पुतिन



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है।

# यूएस नहीं, चीन है पाक का रणनीतिक भविष्य

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का 'रणनीतिक भविष्य' अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है। खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के अगले ही दिन आया है।



■ ट्रम्प की शहबाज व मुनीर से मुलाकात के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान

ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है। अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा 'लेन-देन' जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने 'हां' कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं। इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए।

# यमन में एलपीजी टैंकर पर इजरायली ड्रोन हमला

**सना।** पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के रास अल-ईसा बंदरगाह पर इजरायली ड्रोन ने एक पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर पर हमला किया। यह बंदरगाह हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

■ 24 पाकिस्तानी सवार थे, हूती विद्रोहियों ने भी बंधक बनाया, 10 दिन बाद रिहा किया

टैंकर ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह से आ रहा था। इस टैंकर पर 27 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 24 पाकिस्तानी, 2 श्रीलंकाई और 1 नेपाली नागरिक शामिल थे। टैंकर के कप्तान मुक्तार अकबर भी पाकिस्तानी हैं। नकवी ने अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि ड्रोन हमले के कारण टैंकर के एक एलपीजी टैंक में विस्फोट हुआ, जिससे आग लग गई। चालक दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हालांकि, इसके बाद हूती विद्रोहियों की नावों ने टैंकर को घेर लिया और चालक दल को जहाज पर ही बंधक बना लिया। नकवी ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद टैंकर और इसके चालक दल को हूतियों ने 10 दिन बाद रिहा कर दिया है, और अब वे यमन के इलाके से सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी रविवार सुबह बताया कि टैंकर पर सवार 24 पाकिस्तानी नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं और आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 17 सितम्बर को यमन के तट पर टैंकर में आग लगने की सूचना मिलते ही पाकिस्तानी दूतावासों ने यमनी अधिकारियों से बात की।

# हमारा पड़ोसी देश आतंकवाद का सेंटर: भारत

## यूएन में जयशंकर बोले: बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार रात यूएन महासभा (यूएनजीए) को संबोधित किया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि हमारा पड़ोसी आतंकवाद का सेंटर है।

भारतीय विदेश मंत्री ने बताया कि वहां आतंकवादियों का खुलेआम गुणगान किया जाता है। दशकों से, बड़े अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी हमलों की जड़ें उसी देश तक जाती हैं। जयशंकर ने आतंकवाद की फंडिंग रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकी ढांचों का खात्मा जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करते हुए कहा कि यूएन के सदस्य 4 गुना बढ़ गए हैं। अब स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने अपने भाषण में इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया



■ आतंकी ढांचे का खात्मा जरूरी

उदाहरण है। भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी के बाद से ही ऐसे पड़ोसी का सामना करना पड़ा है, जो आतंकवाद का ग्लोबल सेंटर है। यूएन की आतंकवादी सूचियों में उसके नागरिकों की भरमार है। जयशंकर ने जोर दिया कि जब कोई देश आतंकवाद को सरकारी नीति घोषित करता है, जब आतंकवादी ठिकाने इंडस्ट्री लेवल पर चलते हैं, जब आतंकवादियों को सार्वजनिक तौर पर महिमामंडित किया जाता है, तो ऐसे हमलों की बिना शर्त निंदा की जानी चाहिए। जयशंकर ने कहा कि हमें आतंकवाद का मुकाबला करने की खास जरूरत है क्योंकि यह कटरता, हिंसा, असहिष्णुता और डर को एक साथ जोड़ता है। जयशंकर ने कहा कि अपने अधिकारों पर जोर देने के साथ-साथ, हमें खतरों का भी बहादुरी से सामना करना चाहिए। आतंकवाद एक साझा खतरा है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

जयशंकर ने चेतावनी दी कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रों को छूट देंगे, आखिर में वही आतंकवाद उनके लिए भी खतरा बनकर लौटेगा। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थाई परिषद में स्थाई और अस्थाई दोनों सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए, ताकि यहां ज्यादा लोग बात रख सकें। जयशंकर ने विश्व नेताओं से कहा: हम चाहते हैं कि यूएनएससी में ज्यादा देशों को जगह मिले। भारत इसमें ज्यादा जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार है।

## कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मोत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी। इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 'वैश्विक स्तर पर रोकथाम' का आह्वान किया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितम्बर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गई है। इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं। कांगो सरकार ने चार सितम्बर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है। 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है।

# अर्जेंटीना में 3 लड़कियों की इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाई हत्या

## ड्रग गैंग ने बेरहमी से पीटा, उंगलियां काटीं, नाखुन उखाड़े, फिर गला घोंटकर मार डाला

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में ड्रग गैंग ने तीन लड़कियों की बेरहमी से हत्या कर दी और इस पूरी वारदात को इंस्टाग्राम पर लाइव दिखाया। घटना 19 सितम्बर की है। अब घटना के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हत्या से पहले गैंग के गुर्गों ने लड़कियों को बुरी तरह पीटा, उनकी उंगलियां काटीं, नाखून उखाड़े, इसके बाद गला घोंटकर मार डाला।

पुलिस के मुताबिक, तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया। वीडियो में गैंग लीडर को यह कहते सुना गया कि जो मेरे ड्रग्स चुराएगा, उसका यही हाल होगा। मृतक लड़कियों में दो चचेरी बहनें मोरेना वेर्दी और ब्रेंडा डेल कास्टिलो (20-20 साल) और 15 साल की लारा गुटिएरेज थीं।



■ तीनों को पार्टी में बुलाने के बहाने वैन में ले जाया गया और गैंग के 'नियम तोड़ने' की सजा के तौर पर मार दिया गया: पुलिस

लड़कियों की हत्या के विरोध में अर्जेंटीना में हजारों लोगों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों का आरोप है कि वीडियो को एक प्राइवेट अकाउंट पर लाइव चलाया गया था। इस लाइव को 45 लोग देख रहे थे। वहीं इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने कहा कि उन्हें अपने प्लेटफार्म पर इस तरह की लाइवस्ट्रीम का कोई सबूत नहीं मिला। लड़कियों की हत्या के विरोध में शनिवार को हजारों लोग न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। पीड़ितों के परिवार वाले 'लारा, ब्रेंडा, मोरेना' लिखे बैनर और उनकी तस्वीरों वाले पोस्टर लेकर संसद तक मार्च पर गए। ब्रेंडा के पिता लियोनेल डेल कास्टिलो ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा अब पहले से ज्यादा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बेटी की लाश पहचानने तक की हालत में नहीं थी। ब्रेंडा के दादा एंटोनियो डेल कास्टिलो ने हत्यारों को खूनी दरिंदे कहा। राजधानी ब्यूनस आयर्स की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद तक विरोध मार्च निकाला। मामले में अब तक तीन पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरापी को बोलीविया बार्डर सिटी विलाजोन से पकड़ा गया। उस पर कार से लाजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस साजिश के मास्टरमाइंड की फोटो भी जारी की है। उसकी उम्र 20 साल और पेरू का नागरिक है। वह अभी फरार है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीनों लड़कियों को पार्टी में प्रास्टिटयूट के तौर पर बुलाया गया था। हालांकि लारा की आंटी डेल वाले गाल्वन ने इन आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि लारा का न तो ड्रग्स से और न ही देह व्यापार से कोई संबंध था।

## ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में 'घरेलू आतंकवादियों' से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया। ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूं। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितम्बर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने 'संघीय हस्तक्षेप' का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी। विल्सन ने शनिवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा शहर में 'सभी आवश्यक सैनिकों' को भेजने के आदेश के बाद कि पोर्टलैंड और किसी भी अन्य अमेरिकी शहर में आवश्यक सैनिकों की संख्या शून्य है। ट्रम्प ने इससे पहले लॉस एंजिल्स और वाशिंगटन, डीसी में सैनिकों की तैनाती की थी, जिसके विरोध में विरोध प्रदर्शन हुए थे।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108